संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरुवार, 04 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल कर लिया है। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने वायनाड में रोड शो किया। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 92 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"जो होने वाला हैं वो होकर ही रहता है, और जो नहीं होने वाला वह कभी नहीं होता।"
-भागवद गीता

## मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।"
-स्वामी विवेकानंद




# सपा-कांग्रेस का होगा सफाया: शाह

= जयंत चौधरी बोले- जब आरएलडी-एनडीए साथ है तो बढ़िया बात है

**साधा निशाना**

**8 चौधरी अजित सिंह आखरी बार मुजफ्फरनगर ही आए थे। वह चाहते थे कि गरीबों का सम्मान हो**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुजफ्फरनगरः** लोकसभा चुनाव के बीच एनडीए के स्टार प्रचारक अमित शाह आज मुजफ्फरनगर के शाहपुर पहुंचे। यहां उनके साथ रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी मौजूद रहे। जिले के शाहपुर कस्बे के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी और मंत्री डॉ. संजीव बालियान के समर्थन में यह जनसभा आयोजित की गई। दोनों ही नेताओं ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। जयंत ने सपा छोड़ने के सवाल पर भी तीखे पलटवार किए। सभास्थल पर सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिसबल के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं अमित शाह और जयंत चौधरी को देखने और सुनने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद रही। वहीं जयंत ने अपने एक्स अकाउंट पर जनसभा की तस्वीरें पोस्ट की और लिखा- जब आरएलडी-एनडीए-में एक साथ हैं मुजफ्फरनगर की तो बढ़िया बात है! मंच पर मौजूद नेताओं ने जयंत चौधरी व गृह मंत्री को चौधरी चरणसिंह की फोटो भेंट की। मंच से बोलते हुए जयंत ने कहा कि चौधरी अजित सिंह आखरी बार मुजफ्फरनगर ही आए थे। वह चाहते थे कि गरीबों का सम्मान हो, कल्याण हो। वे लोग वोट लेने के लिए चौधरी चरण सिंह का नाम लेते थे, लेकिन भारत रत्न मिलने पर खुशी नहीं जताई। कहा कि पहले चरण में चुनाव हैं कोई कसर मत छोड़ देना। उन्होंने सपा से अलग होने पर पलटवार करते हुए कहा कि मैं पलटा नहीं हूं, इसे पटखनी मारना कहते हैं। कहा कि किसानों के लिए सरकार फैसले लेगी। जो सरकार चौधरी चरण सिंह को सम्मान दे रही है वह किसानों का सम्मान है।

### 'घमंडिया गठबंधन राम मंदिर नहीं बनने देता'



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस बार चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ करना है। इसी भूमि से चौधरी चरण सिंह ने किसानों की आवाज उठाने का काम किया। भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण के कार्य किए। गन्ने के दाम बढ़ाए। गृह मंत्री ने कहा कि बसपा ने 19, सपा ने 10 मीलें बंद कराईं, जबकि बीजेपी ने मीलें शुरू कराईं। कश्मीर हमारा है, बीजेपी सरकार ने धारा 370 हटाई। सपा-कांग्रेस का घमंडिया गठबंधन कभी राम मंदिर नहीं बनने देता। कैराना से पहले पलायन होता था। 2017 के बाद यूपी से गुंडे पलायन करने लगे हैं। विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका मकसद परिवार के आदमी को सीएम और पीएम बनाना है, बीजेपी गरीबों को आगे बढ़ा रही है।

# हम न्याय के नए युग में कदम रख रहे: राहुल गांधी



**रोड शो**

**8 कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**वायनाडः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल कर लिया है। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने वायनाड में रोड शो किया। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया। रोड शो में करीबन हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड से चार लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी।

**नामांकन दाखिल करने से पहले राहुल गांधी ने किया रोड शोः** राहुल गांधी का रोड शो सुबह के 11 बजे शुरू हुआ। उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "आपका सांसद सदस्य होना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आपको मतदाता के तौर पर नहीं देखता हूं। मैं आपके साथ वैसा ही व्यवहार करता हूं और आपके बारे में वैसा ही सोचता हूं जैसा मैं अपनी बहन के लिए करता हूं। क्योंकि वायनाड के घरों में मेरी मां, बहन, भाई और पिता रहते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हम न्याय के नए युग में कदम रख रहे हैं। मैं पूरी निष्ठा से जनता की सेवा करना चाहता हूं।" राहुल गांधी ने मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "राज्य में मानव-पशु संघर्ष और मेडिकल कॉलेज बनाने जैसे मुद्दे हैं। मैं इस लड़ाई में वायनाड के लोगों के साथ खड़ा हूं। हमने मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश भी की। मैंने मुख्यमंत्री को भी चिट्ठी लिखी, लेकिन दुर्भाग्यवश प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी और जब केरल में भी हमारी सरकार बनेगी तो हम इन मुद्दों का समाधान करेंगे।" कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान की लड़ाई के लिए है। एक तरफ कुछ ऐसी शक्तियां है जो देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती है। वहीं, दूसरी तरफ एक ऐसी शक्ति है जो देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है। यह आपके सामने स्पष्ट है कि कौन किसके तरफ है। यह साफ है कि कौन संविधान पर हमला कर रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह ने भाजपा ज्वाईन की



**कांग्रेस को झटका**

**8 ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर ने खेल से सीधी सिसायत में हिस्सेदारी कांग्रेस के साथ की थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/भिवानीः** अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह ने पांच साल तक कांग्रेस में रहने के बाद अब भाजपा का दामन थाम लिया। मूल रूप से भिवानी जिले के गांव कालुवास निवासी ओलंपिक पदक विजेता बॉक्सर विजेंदर सिंह ने खेल से सीधी सिसायत में हिस्सेदारी कांग्रेस के साथ की थी। विजेंदर सिंह ने 2019 लोकसभा चुनाव कांग्रेस टिकट पर साउथ दिल्ली से लड़ा था। उस समय भाजपा के रमेश बिधूड़ी को 687014 वोट मिले और आप के राघव चड्ढा 319971 वोट लेकर दूसरे तो विजेंदर कांग्रेस से 164613 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहे थे। भिवानी शहर से मात्र छह किलोमीटर दूर गांव कालुवास में 29 अक्तूबर, 1985 को महिपाल सिंह बेनीवाल के घर जन्मे विजेंदर सिंह बीजिंग ओलंपिक में पहले पदक विजेता मुक्केबाज रहे हैं। उनके पिता महीपाल हरियाणा रोडवेज में बस चालक थे। बड़े भाई मनोज का कहना है कि विजेंदर ने मुक्केबाजी और प्रोफेसनल मुक्केबाजी में बड़ा नाम कमाया है। इसके बाद ही वे कांग्रेस के टिकट पर साउथ दिल्ली में पार्टी में शामिल होते ही सीधे चुनावी मैदान में भी उतर गए थे।

# सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। फिलहाल, फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की। इसके बाद हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अपना जवाब पेश किया।

**केजरीवाल की ओर से सिंघवी ने रखा पक्षः** केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी अपना पक्ष रख रहे हैं। सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ पीएमएलए की धारा 50 के तहत कोई सामग्री नहीं है। ईडी ने पहला समन 30 अक्टूबर 2023 को भेजा गया है और 9वां समन 16 मार्च 2024 को भेजा गया।

पहले और आखिरी समन के बीच छह महीने बीत गए। बिना किसी सबूत के केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। सिंघवी ने कहा कि यह केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार करने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पहला वोट डाले जाने से पहले ही केजरीवाल और उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश है। उनके पास कोई सबूत नहीं हैं, सिर्फ सरकारी गवाहों के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया गया। रेड्डी को 10 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने 9 बयान दिए। 7 गिरफ्तारी से पहले और 2 गिरफ्तारी के बाद। ये हास्यास्पद है।

## बसपा ने 12 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी ने बुधवार को लखनऊ लोकसभा सीट सहित 12 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने लखनऊ से सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय और मथुरा से सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह मैनपुरी सीट से गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकीजी, उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है।

मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को उम्मीदवार बनाया गया है। कन्नौज से इमरान बिन जफर, कौशाम्बी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदू चौधरी और मिजार्पुर से मनीष त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

## काशी में सीएम योगी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम योगी का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से रोहनिया के लिए रवाना हुए। यहां स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंध संचालन समिति की बैठक की। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ काफी देर तक बैठक करने के बाद वहां से रवाना हुए। इसके बाद सीएम योगी बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सर्किट हाउस में उनका विश्राम रहेगा। बता दें कि सीएम योगी के आगमन से पूर्व बुधवार की सुबह से नगर निगम की टीम साफ- सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी थी। जिस रास्ते से सीएम योगी आदित्यनाथ का काफिला गुजरना था वहां सड़कों व डिवाइडरों की धुलाई कराई गई।

# मोदी की गारंटी फेल, लोगों तक नहीं पहुंचती: मल्लिकार्जुन खरगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने बुधवार को 'घर-घर गारंटी' अभियान का शुभारंभ किया। जिसका मकसद देशभर में आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचना है। इस दौरान पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मोदी की गारंटी' की बात करते हैं, लेकिन यह (गारंटी) असफल है और लोगों तक नहीं पहुंचती है।

**जनता के लिए काम करती रहेगी कांग्रेसः** पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह गौर करना जरूरी है कि घर-घर गारंटी की शुरूआत ऐसी जगह से की जा रही है, जहां से कांग्रेस ने 1978 में पहली बार हाथ के चुनाव चिह्न का इस्तेमाल किया था। दिलचस्प बात यह है कि इस बार कांग्रेस का प्रचार टैगलाइन (हाथ बदलेगा हालात) भी उसके चुनाव चिह्न के आसपास केंद्रित है। खरगे ने कहा, हमारी सरकार ने हमेशा लोगों के लिए काम किया है और हमेशा करती रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी असफल है और लोगों तक नहीं पहुंचती है।

**'किसानों को नहीं दी एमएसपी की कानूनी गारंटी';** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी ने एक साल में दो करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा किया था। लेकिन लोगों को कभी भी वह नौकरियां देखने को नहीं मिलीं।

### 'विपक्षी दलों को डराना चाहती है सरकार'

**आयकर** के कांग्रेस को नोटिस के मुद्दे पर खरगे ने कहा, यह सरकार विपक्षी दलों को डराना चाहती है। इसने हमारे खातों को फ्रीज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में दखल दिया है। आयकर विभाग ने हमारे फंड से 135 करोड़ रुपये लिए। क्या लोकतंत्र में इस तरह से निष्पक्ष चुनाव हो सकते हैं? क्या समान अवसर नहीं होने चाहिए? उन्होंने आगे कहा कि स्वाधीनता आंदोलन में न तो भाजपा और नहीं आरएसएस ने कोई योगदान दिया। हम उन लोगों को बताना चाहते हैं कि जनता लोकतंत्र चाहती है।

# 'अफगानिस्तान में आतंकवाद का नेटवर्क चिंता का विषय'



**टीम एक्शन इंडिया**
**अस्तानाः** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है। इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। अपनी यात्रा के दौरान एसएसए अजीत डोभाल ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव से भी मुलाकात की।

**रूस में हुए आतंकी हमले की कड़ी करते हैं- अजीत डोभालः** एससीओ की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 19वीं बैठक में अपने संबोधन के दौरान अजीत डोभाल ने 22 मार्च मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और घटना के पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

बैठक में अजीत डोभाल ने रूसी एनएसए पत्रुशेव को आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए रूसी सरकार और लोगों के साथ भारत की एकजुटता से अवगत कराया है।

**आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होः** बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने बताया कि सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद में शामिल लोगों समेत आतंकवाद के अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए।

# सिपाही भर्ती पेपर लीक : सरगना गिरफ्तार

**दबोचा**

**8 पेपर लीक प्रकरण का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र प्रयागराज के मेजा इलाके का रहने वाला है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराजः ग्रेटर नोएडा से** गिरफ्तार सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र प्रयागराज के मेजा इलाके का रहने वाला है। पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें उसको खोज रही थीं। बुधवार को उसे ग्रेटर नोएडा से दबोच लिया गया। मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र करोड़ों की प्रॉपर्टी का मालिक है। उसके कई होटल और रिसॉर्ट के साथ अस्पताल भी हैं। वह सिपाही भर्ती के साथ ही यूपीपीएससी, इंजीनियरिंग, और नीट से लेकर टीईटी सहित अन्य परीक्षाओं में भी सेंधमारी करता है. सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कराने के मामले में पुलिस राजीव नयन मिश्र की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। मामले में कई आरोपी पकड़े जा चुके थे, लेकिन मुख्य आरोपी और मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र फरार ही चल रहा था। उसको पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें राजस्थान, पंजाब, बिहार और दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश की खाक छान रही थी।

**टीईटी 2021 में भी की थी सेधमारीः** टीईटी 2021 परीक्षा 28 नवंबर 2021 को थी। सुबह एसटीएफ लखनऊ की टीम ने कौशाम्बी में एक गिरोह का भंडाफोड़ किया, जिसने परीक्षा से पहले ही पेपर लीक करा दिया था। कोखराज में डिप्टी एसपी लाल प्रताप सिंह ने रोशन सिंह पटेल निवासी झलवा को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से लीक कराए गए प्रश्नपत्र की उत्तरकुंजी प्राप्त हुई। मामले में उससे पूछताछ के बाद कुल तीन नामजद व अन्य अज्ञात पर केस दर्ज कराया गया। रोशन व अन्य अभियुक्तों से पूछताछ में यह बात सामने आई कि इसमें भी मुख्य भूमिका मेजा निवासी राजीव नयन मिश्र की थी।

**चर्चा** मिलनाडु और पुडुचेरी के मछुआरे समुदाय से ताल्लुक रखने वाले लोग केंद्र से एक अलग मांग कर रहे हैं

# क्या 'कच्चातिवु' लोकसभा चुनाव में बन सकता है मुद्दा?



**सियासी चर्चा**

**8 श्रीलंका की सरकार ने उनके समुदाय के कई लोगों को समुद्री सीमा के चलते गिरफ्तार कर लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कच्चातिवुः** जिस कच्चातिवु द्वीप की तमिलनाडु से लेकर दिल्ली के सियासी गलियारों में चर्चाएं हो रही हैं, उसे लेकर अब तमिलनाडु ही नहीं, बल्कि पुडुचेरी के भी मछुआरे इस मैदान में कूद पड़े हैं। दरअसल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के मछुआरे समुदाय से ताल्लुक रखने वाले लोग केंद्र सरकार से एक अलग मांग कर रहे हैं। इस समुदाय के लोगों का कहना है कि श्रीलंका की सरकार ने उनके समुदाय के कई लोगों को समुद्री सीमा के चलते गिरफ्तार कर लिया है। जब तक इन लोगों को रिहा नहीं किया जाएगा, तब तक उनका प्रदर्शन भी जारी रहेगा। अमर उजाला डॉट कॉम से फोन पर हुई बातचीत में मछुआरा समुदाय की मांगों के साथ सियासत को जोड़ा है। मछुआरा महासंघ के लोगों का कहना है कि श्रीलंका की नौसेना उनके मछुआरों को बेवजह परेशान करती है। महासंघ ने केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग भी की। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस दिन कच्चातिवु द्वीप का जिक्र किया उसके बाद से सियासत गर्म हो गई। दक्षिण भारत में मछुआरा संघ के नेता एंटोनी सेबेस्टियन कहते ने कहा की जिस द्वीप को लेकर इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है वह सियासी मुद्दा तो हो सकता है। लेकिन इससे मछुआरा समुदाय को कोई विशेष फायदा नहीं होने वाला। सेबेस्टियन कहते हैं श्रीलंका लगातार उनके मछुआरों को न सिर्फ पकड़ता रहता है। बल्कि उनकी महंगी से महंगी नावों को भी जब्त कर लेता है। मछुआरा महासंघ का कहना है कि इसको लेकर न सिर्फ राज्य सरकारों बल्कि केंद्र सरकार को भी इस बाबत अवगत कराया है। श्रीलंका सरकार से शिकायत बनी रहती है। तमिलनाडु के मछुआरा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले उनके नेता वी. राजा कहते हैं कि समस्या सिर्फ तमिलनाडु ही नहीं बल्कि उस पूरे समुद्री इलाके में है जो श्रीलंका की समुद्री सीमा के संपर्क में आता है।

# राज्यपाल ने डॉ. किरण चड्ढा द्वारा लिखित डलहौजी थ्रू माई आइज पुस्तक का विमोचन किया

**चमन शर्मा**

**शिमला:** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में डॉ. किरण चड्ढा द्वारा लिखित पुस्तक डलहौजी थ्रू माई आइज यात्रा मार्गदर्शिका का विमोचन किया।राज्यपाल ने लेखिका के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिला के डलहौजी शहर की अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि लेखिका ने पुस्तक के माध्यम से शहर के बदलते स्वरूप के बारे में विस्तार से वर्णन किया है। पुस्तक में डलहौजी शहर के विरासत भवनों, स्कूलों, चर्चों, होटलों, छावनी और पर्यटकों की रुचि के स्थानों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई है।



राज्यपाल ने कहा कि तस्वीरों के माध्यम से डलहौजी की धौलाधार पर्वतमाला और पहाडि ?ों को जीवंत किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें डलहौजी के 150 से अधिक वर्षों के इतिहास को सचित्र दशार्या गया है। पुस्तक में ब्रिटिशकाल का वर्णन करते हुए बताया गया है कि उनके द्वारा वर्ष 1859-60 में इस पहाड़ी शहर की स्थापना की गई थी।उन्होंने कहा कि पुस्तकें समाज का दर्पण होती हैं और इनसे ज्ञानवर्धन होता है। इस पुस्तक में शहर के समृद्ध इतिहास और भौगोलिक स्थिति की जानकारी संकलित की गई है।भारत सरकार की पूर्व संयुक्त सचिव डॉ. किरण चड्ढा डलहौजी से संबंध रखने वाली एक लेखिका और कवयित्री हैं।

इस पुस्तक में लेखिका और छायाकार विक्की रॉय द्वारा ली गई तस्वीरों का संकलन है। पुस्तक में डलहौजी शहर में यूरोप की संस्कृति और वहां की जीवनशैली के माध्यम से हुए बदलावों को दशार्या गया है और डलहौजी क्लब के बारे में जानकारी दी गई है।इस अवसर पर डॉ. चड्ढा ने बताया कि डलहौजी थ्रू माई आइज में शहर के लगभग दो शताब्दियों के इतिहास का सचित्र वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मार्गदर्शिका वर्ष 1859-60 के बाद से डलहौजी के इतिहास की पूरी जानकारी से क्षेत्र के अनछुए स्थलों से अवगत करवाती है। इसमें डलहौजी

स्थित सभी संस्थानों, स्कूलों, कॉटेज आदि की जानकारी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि डलहौजी पर यह सचित्र और ऐतिहासिक यात्रा मार्गदर्शिका अपने वर्तमान लघु संस्करण में पर्यटकों और यात्रियों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश पर्यटन यवसाय से जुड़े लोगों के लिए अत्यधिक लाभकारी और उपयोगी साबित होगी।

# सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने सुमित चौहान को अर्पित की श्रद्धांजलि

**श्याम कुल्वी**



**कुल्लू :** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की विशेष बैठक में संस्था के पूर्व सदस्य एवं पत्रकार सुमित चौहान को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। 90वें के दशक में सूत्रधार कला संगम के सदस्य बनने के बाद लगभग दो दशकों तक सुमित चौहान सूत्रधार कला संगम में नाटक और गीत-संगीत के विभिन्न कार्यक्रमों में संस्था के एक अहम कलाकार के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। उन्होंने जंगल तंत्रम, गधे की बारातए कहो रिपुदमन आदि नाटकों में एक रंगकर्मी के रूप मे मुख्य भूमिका निभाई है। इसके अलावा सूत्रधार के अन्य कार्यक्रमों में भी एक उत्कृष्ट कलाकार के रूप में अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी है। सुमित चौहान न केवल एक बेहतरीन कलाकार बल्कि एक खिलाड़ी, पत्रकार और समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। गत दिनों 20 मार्च 2024 को उनके आकस्मिक निधन से सूत्रधार परिवार ने अपने एक अहम सदस्य को खोया है। आज सूत्रधार परिवार के द्वारा बैठक से पूर्व सुमित चौहान की पूण्य आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया, इनके द्वारा कला संस्कृति के प्रति किए गए अविस्मरणीय पलों को याद किया गया और इश्वर से प्रार्थना की गई कि इनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व अपने श्री चरणों में स्थान दें।

## न्यूज फ्लैश

### ऑक्स फोर्ड ईएलएलटी ने विद्यार्थियों के लिए अपना ब्राण्ड कैम्पेन ऑल अबाउट यू शुरू किया

**लुधियाना:** ऑक्स फोर्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट (ऑक्सेफोर्ड ईएलएलटी) ने आज विद्यार्थियों के लिए अपने नये और एकीकृत ब्राण्ड कैम्पेन ऑल अबाउट यू की शुरूआत की है। गौरतलब है कि ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी एक अग्रणी अंग्रेजी भाषा परीक्षा प्रदाता और ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एज्युकेशन ग्रुप का हिस्सा है।यह कैम्पेन अपने नाम ही के अनुरूप है क्योंकि इसका मकसद विद्यार्थियों का भविष्य उन्हीं के हाथों में सौंप देना है।और इसके लिये वे भाषा की परीक्षा के समाधानों के सही प्रदाता को चुनेंगे।यह एकीकृत कैम्पेन 1 अप्रैल 2024 से लाइव है और इसमें डिजिटल तथा आउटडोर को शामिल किया जाएगा।यह कैम्पेन एपीएसी के महत्व पूर्ण बाजारों भारत,चीन,पाकिस्तान और नेपाल में लाइव होगा। ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल एज्युकेशन ग्रुप में साउथ एशिया के रीजनल डायरेक्टर अमित उपाध्याय ने कहा,हमारा मानना है कि भाषा में दक्षता पाना एक निजी सफर होता है। और ऑल अबाउट यू हर व्युक्ति की अनूठी आकांक्षाओं के लिये अपनी सेवाओं को तैयार करने में हमारा समर्पण दिखाता है।अपनी टेस्टिंग में लचीलापन,गति,विश्वसनीयता और सटीकता लाकर हम परीक्षा लेने वालों को उनकी उच्च शिक्षा की यात्रा पर नियंत्रण देते हैं वह भी आत्मविश्वास के साथ। हमने सावधानी से एक प्लेटफार्म तैयार किया है जो सटीक और तेज नतीजे देता है।यह हर पृष्ठ भूमि के विद्यार्थियों के लिये सुलभता भी सुनिश्चित करता है।यह कैम्पेन विद्यार्थियों को ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी की विशिष्ट पेशकशों की झलक देता है और ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के परीक्षा समाधानों के विभिन्न अनूठे लाभों को सामने रखता है। यह फायदे सुलभ,गतिशील,मान्यता प्राप्त और सटीक होते हैं।कैम्पेन भाषा की परीक्षा के सुलभ एवं लचीले अनुभव देने के लिये ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी की पेशकश पर रोशनी डालता है। इसमें लोग भाषा में दक्षता की अपनी यात्रा पर नियंत्रण के लिये समर्थ होते हैं। परीक्षा के गतिशील विकल्पों की पेशकश के द्वारा ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी सिर्फ 48 घंटों में तेजी से परिणाम सुनिश्चित करता है।

# सिरमौर में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का कार्य जोरो पर

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीसीजी वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। टीबी रोग की रोकथाम के लिए शुरू किए गए एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का कार्य पूरे सिरमौर जिला में पिछले कई दिनों से चल रहा है। नाहन शहर में आज दो स्थानों पर पात्र लोगों को बड़ी संख्या में बीसीजी वैक्सीन लगाई गई। मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य शिक्षिका कृष्णा राठौर ने बताया कि नाहन के धगेडा ब्लॉक में लगातार वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा है और अभी तक इस ब्लॉक में 3085 लोगों का अडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन हो चुका है।उन्होंने कहा कि इस टीकाकरण अभियान के तहत 60 साल से ऊपर की आयु के चिन्हित लोगों के साथ साथ धूम्रपान करने वाले लोगो का वेक्सिनेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी लोगों को भी वैक्सीनेशन के लिए चिन्हित किया गया है जो पिछले 5 सालों के दौरान टीबी से ग्रसित रहे है।उन्होंने कहा कि लोगों से लगातार अपील की जा रही है कि पात्र लोग अपना वैक्सीनेशन लगवाएं और किसी भी तरीके से यह वैक्सीन लोगों के लिए नुकसानदायक नहीं है। सिरमौर जिला में कुल 35243 चिन्हित लोगों को बीसीजी की वैक्सीन लगाई जानी है।

# हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम सेरी मंच पर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: हिमाचल** दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अप्रैल को मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी।उन्होंने कहा कि इस बार हिमाचल दिवस समारोह के दौरान लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता व भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे व परेड का निरीक्षण करेंगे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा शहीद



स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय हिमाचल दिवस के आयोजन पर पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी, स्काउट एंड गाईड, होमगार्ड बैंड सहित अन्य द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में विभिन्न स्कूलों व अन्य संस्थानों द्वारा लोक संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। इसके अतिरिक्त सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम यानी स्वीप के तहत भी प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# जिला स्तरीय अनुश्रवण व समीक्षा कमेटी की बैठक आयोजित



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** समेकित बाल विकास सेवाओं के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने जिला परियोजना अधिकारी को कुपोषण एवं रक्त की कमी से ग्रसित बालक-बालिकाओं को उनके विकास की नियमित अंतराल पर जांच करते रहने के निर्देश दिए ताकि उनको प्रदान किये जा रहे पोषण के परिणाम का आकलन किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए की यदि कोई अतिकुपोषित बालक अथवा बालिका को चिकत्सकीय परामर्श की आवश्यकता हो तो उसे भी समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर, उसे यह रेफ रल आवश्यकता पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने जिले में निमार्णाधीन विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों, शौचालय के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने बेटी है अनमोल योजना, मुख्यमंत्री मंत्री कन्यादान योजना, मदर टेरेसा आशय मातृ संबल योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का सही प्रकार से कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिये।

# शातिराना तरीके से चुराए सरिये में दो आरोपी गिरफ्तार

शातिराना तरीके से चुराए सरिये में दो आरोपी गिरफ्तार

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला** सिरमौर की कालाअंब पुलिस ने शातिराना ढंग से चुराए गए सरिये का पर्दाफ ाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ट्रक चालक को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इन दो आरोपियों की पहचान स्क्रैप डीलर सूरज उर्फ बदलू, निवासी गांव मंझावा, लखनऊ (उत्तरप्रदेश) और नीरज कुमार, मकान नंबर 213, काजेडी सेक्टर 52 चंडीगढ़ के तौर पर हुई है। सरिये की चोरी को बड़े ही शातिराना ढंग से अंजाम दिया गया था। जानकारी के मुताबिक, लगभग



6 दिन पहले कालाअंब की सरिया कंपनी जय भारत से भावानगर के लिए सरिये का ट्रक भेजा गया था। शातिरों ने ट्रक चालक से मिलकर करीब चार टन सरिया चंडीगढ़ के पास उतार लिया। सरिया उतारने के बाद ट्रक चालक लवप्रीत ट्रक को चंडीगढ़ ही छोडकर चला गया। लिहाजा ट्रक मालिक को गाड़ी लेकर भावानगर जाना पड़ा। भावानगर पहुंचने के बाद ट्रक का औचक भार किया गया, जिसमें 4 टन सरिया कम पाया गया। चोरी की आशंका के मद्देनजर 29 मार्च को पुलिस थाना कालाअंब में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने शीघ्र कार्यवाही करते हुए ट्रक चालक लवप्रीत को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया और बाकी आरोपियों की तलाश में जाल बिछाया। दो दोनों आरोपियों को पुलिस ने जीतपुर बहेड़ी ऊना से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उधर, एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आगामी कार्यवाही जारी है।

# बागी नेता कितने में बिके, क्यों बिके बात समझ से परे: कुलदीप पठानिया



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि कांग्रेस के जिन नेताओं के कारण प्रदेश मे उप चुनावों की स्थिति पैदा हुई है उन्हें हमीरपुर की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इन तमाम बागी नेताओं की षड्यंत्र के तहत भाजपा ने खरीदोफ रोख्त की है। लेकिन बागी नेता कितने मे बिके, क्यों बिके यह बात समझ से परे है। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखू आम परिवार से निकल कर यहाँ तक पंहुचे है तभी कुर्सी पर बैठने से पूर्व ही उन्होंने प्रदेश के अनाथ व वेसहारा बच्चों के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए उनके पालन पोषण का जिमा लिया। आर्थिक तंगी के बाबजूद कर्मचारियों को ओपीएस दिया। आपदा में बेघर हुए हजारों परिवारों के लिए 4500 करोड़ का राष्ट्र पैकेज देते हुए उन्हें आशियाना दिया, महिलाओं को 1500 रुपए की सम्मान निधि शुरू की। हर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सार्थक कदम उठाये लेकिन कांग्रेस के 6 विधायकों ने अपना ईमान बेचकर उन्हें कुर्सी से हटाने का जो षड्यंत्र रचा मुख्यमंत्री ने उसका भी मुंहतोड़ जबाब इन नेताओं को दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ईमानदारी से अपने वायदों को निभाते हुए प्रदेश हित मे कार्य कर रही है अब जनता की बारी है कि उपचुनावों मे इन विश्वासघातियों को कैसे सबक सीखना है।

# आईटीआई भुंजराडू में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हामिद**

**चंबा: चुराहा** उपमंडल के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भुंजराडू में स्वीप टीम चुराह द्वारा मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके चार विद्यार्थियों का मतदाता पंजीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान के छात्रों को मतदान करने बारे शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मतदान के महत्व के विषय में एक चित्रकला प्रतियोगित भी आयोजित की गई।



कार्यक्रम में स्वीप चुराह के नोडल अधिकारी भूमेश कुमार ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को वोट के महत्व के बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान के लिए अपने-अपने स्तर पर भी अन्य लोगों को प्रेरित करें। कार्यक्रम में संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य कविंद्र पटियाल के अलावा विभिन्न व्यवसायों के अनुदेशक, स्टाफ सदस्य तथा समस्त प्रशिक्षु उपस्थित थे।

एसमल-06

# जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: युवा** सेवाएं एवं खेल विभाग व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि खेल गतिविधियों में भाग लेने से हमारे शरीर, दिमाग और आत्मा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और हमे में अनुशासन की भावना विकसित करने व शारारिक रूप से स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। तोरुल एस रवीश ने इस अवसर पर स्वीप के तहत सभी खिलाडि ?ों



से लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने व देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखने को कहा तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए। निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया वे स्वयं भी मताधिकार करे व अन्य को भी मतदान के लिये प्रेरित करे। इस अवसर पर स्वीप की ओर से हस्ताक्षर अभियान, सेल्फ ी पॉइंट भी बनाया गया था, जहां खिलाड़ी सेल्फी लेते देखे गये।जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में खेलो इंडिया सेंटर कुल्लू प्रथम, तीर्थन गर्ल्स द्वितीयय कबड्डी में रूपी वेळी प्रथम, एसबीएम मनाली द्वितीय तथा फु टबाल बेंगा गर्ल्स कुल्लू प्रथम व देवभूमि फु टबाल क्लब कुल्लू द्वितीय स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य लड़कियों में खेल भावना, आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना तथा सभी युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करना था।

# केंद्र सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल रहा स्वर्णिम: त्रिलोक जंवाल

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** सदर मंडल भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में इसी आश्य को लेकर बैठक आयोजित की गई। विधायक त्रिलोक जमवाल ने विशेष तौर पर बैठक में उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस पर सदर मंडल का त्रिदेव सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर विशेष रूप से शिरकत करेंगे। वहीं, 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अनुसूचित जाति मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए त्रिलोक जमवाल ने कहा कि केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक और उपलब्धियों से भरा है। इस अवधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में जहां देश का चहुंमुखी विकास हुअ, वहीं पूरे विश्व में भी भारत का नाम ऊंचा हुआ है। केंद्र सरकार की बदौलत बिलासपुर जिला में भी विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए त्रिलोक जमवाल ने कहा कि यह पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठी गारंटियों से लोगों को गुमराह करके प्रदेश की सत्ता हासिल कर ली थी, लेकिन उसका चेहरा अब बेनकाब हो चुका है।

कांग्रेस के इसी झूठ की वजह से उसके अपने नेता पार्टी छोडकर जा रहे हैं। पूरी तरह से बैक फु ट पर आ चुकी कांग्रेस को न तो चुनाव लडने के लिए प्रत्याशी मिल रहे हैं और न ही काम करने के लिए कार्यकर्ता। भाजपा ने हिमाचल की चारों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। हार निश्चित देखकर कांग्रेस के नेता चुनाव लडने से कन्नी काट रहे हैं। बैठक में दिवेश चंदेल, ज्योति धीमान, अशोक शर्मा, कार्यालय सचिव संजीव डोगरा, प्रोमिला चंदेल, रोशनलाल, नंदलाल चौधरी, दिलाराम तथा सौरव गौतम समेत कई पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# वटाहड़ी में सड़क किनारे बाईक रिपेयर कर रहे दो युवकों को एक गाड़ी चालक ने मारी टक्कर

**विजय समयाल**

**कांगड़ा :** पुलिस थाना फ तेहपुर के तहत पड़ते कस्वा वटाहड़ी में बुधबार करीब दस बजे सडक किनारे एक बाईक की रिपेयर कर रहे दो युवको को एक गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। जिस कारण दोनों युवक.घायल हो गए। जिन्हें तुरन्त सिविल अस्पताल फ तेहपुर पहुंचाया गया। जिस दौरान एक युवक.को डॉक्टरों ने फर्स्ट एड देने के बाद सिबिल अस्पताल नूरपुर रैफ र कर दिया। जबकि दूसरे के माथे पर टांके लगाए गए हैं। इस दौरान एक भेंटवार्ता में घायल एक युबक. जगनोली निबासी मुनीश ने बताया मैं और मेरा साथी मनोह निबासी अखिल वटाहड़ी में सडक किनारे बाईक रिपेयर कर रहे थे कि इस दौरान एक गाड़ी चालक ने उन्हें गलत दिशा में जाकर जोरदार टक्कर मार दी। जबकि दूसरे युबक.के सिर पर ज्यादा चोटें लगी हैं जिसे नूरपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।बताया जा रहा है गाड़ी चालक भरमौर क्षेत्र का रहने बाला है जोकि गाड़ी नम्बर एचपी 46-3000 लेकर तलवाड़ा की तरफ जा रहा था कि अचानक उक्त स्थल पर गाड़ी अनियंत्रित होकर दूसरी दिशा में जाकर बाईक रिपेयर कर रहे युबकों के साथ टकरा गई।

**Change of Name**

I Ranjit Singh Dogra S/o Sunder Singh R/o V.P.O. Marhoon, Tehsil Palampur, Marhun ( 342), Kangra, Himachal Pradesh-176092, have changed my name to Ranjit Singh.

# एसजेवीएन ने आईआईटी पटना के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**समझौता**

**8 एसजेवीएन ने कहा कि इस सहयोग का उद्देश्य उन्नत भूगर्भीय मॉडलों को आगे बढ़ाना है**



**चमन शर्मा**
**शिमला: एसजेवीएन** ने एके सिंह, निदेशक (वित्त), एसजेवीएन तथा टीएन सिंह, निदेशक, आईआईटी पटना की गरिमामय उपस्थिति में प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना (आईआईटी पटना) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने कहा कि इस सहयोग का उद्देश्य उन्नत भूगर्भीय मॉडलों को आगे बढ़ाना है, जिससे एसजेवीएन की टनलिंग परियोजनाओं में समय एवं लागत ओवररन को काफ ी हद तक कम किया जा सके। एमओयू का मुख्य उद्देश्य विविध भू-तकनीकी डेटा स्त्रोतों को एकीकृत करने के लिए अत्याधुनिक पद्धतियों को विकसित करना है। इनमें एसजेवीएन की परियोजनाओं से भूगर्भीय सर्वेक्षण, बोरहोल डेटा, भू-भौतिकीय माप और निगरानी डेटा शामिल हैं। इस सहयोग का उद्देश्य ओवरबर्डन और डिफॉर्मेशन के मध्य जटिल संबंधों का मूल्यांकन करना भी है, जिससे टनलिंग परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण सहायक प्रणालियों के मूल्यांकन और डिजाइन को बढ़ाया जा सके। एकीकृत भू-तकनीकी डेटा और 3डी भूगर्भीय मॉडलों का दोहन करके, एसजेवीएन और आईआईटी पटना का लक्ष्य संभावित जोखिमों और खतरों को चिह्नित और उनका विश्लेषण करना है।

इस साझेदारी के परिणामों में से एक प्रमुख परिणाम पूवार्नुमानित एनालिटिक्स एल्गोरिदम का विकास होगा। ये एल्गोरिदम, एकीकृत भू-तकनीकी डेटा का लाभ उठाते हुए, संभावित जोखिमों का पूवार्नुमान लगाएंगे और विशेष रूप से टनलिंग परियोजनाओं के लिए तैयार की गई प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियां उपलब्ध कराएंगे। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर एसजेवीएन से आरके गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सिविल), जितेंद्र यादव, महाप्रबंधक (वित्त), हेमन्त कुमार शाकल्य, महाप्रबंधक सिविल, अक्षय आचार्य, महाप्रबंधक भूविज्ञान और आईआईटी पटना से प्रोफेसर ए.के. वर्मा भी उपस्थित रहे। एसजेवीएन और आईआईटीए पटना इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से सततशील विकास और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# एसआईवीटी के नाम पर कुछ तत्व विद्यार्थियों और अभिभावकों को रहे हैं गुमराह: सतीश

**शिक्षा पर बल**

**8 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है**



**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर: वर्ष** 2002 से बिलासपुर और अन्य जिलों में कंप्यूटर शिक्षा का अलख जगा रही शिवम इंस्टीच्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेंनिग सेंटर यानि एसआईवीटी घुमारवीं के परीक्षा परिणामों में बच्चों द्वारा निरंतर सफलता के झंडे गाढ़े जा रहे हैं। एसआईवीटी द्वारा जहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है, वहीं राष्ट्रीय सूचना एवं प्रोद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान (नाइलेट) के तहत सौ से अधिक बच्चे 12 हजार प्रतिवर्ष छात्रवृति प्राप्त कर रहे हैं जो कि संस्थान के लिए गौरव का विषय है। यह जानकारी देते हुए एसआईवीटी के प्रबंध निदेशक सतीश शर्मा ने बताया कि जुलाई 2023 की वार्षिक परीक्षा में एसआईवीटी नाइलेट का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा जिसमें 43 बच्चों ने 12 हजार रूपए की छात्रवृति प्राप्त की। वहीं जनवरी 2024 यह परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा और 53 बच्चों ने 12हजार रूपए की छात्रवृति के लिए क्वालीफ ाई कर लिया है। उन्होंने बताया कि इसी सत्र में एसआईवीटी के 16 विद्यार्थी सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्र में नौकरी के लिए चयनित हुए हैं। सतीश शर्मा ने बताया कि एसआईवीटी वर्तमान में 32 ऐसे बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा दे रही है जिनके माता-पिता नहीं हैं, या आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ शरारती तत्व एसआईवीटी का नाम लेकर बच्चों और उनके अभिभावकों को बरगला रहे हैं तथा जबरन एडमिशन कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024, 9 से 14 अप्रैल 2024 तक

**लुधियाना: फॉर**एवर लिविंग प्रोडक्ट्स ने आगामी फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है जो इनके सालाना कैलेंडर में महत्वपूर्ण आयोजन है ।9 अप्रैल से 14 अप्रैल 2024 के बीच नई दिल्ली में आयोजितहोने वाली यह रैली बेजोड़ अनुभव का वादा करती है ।फॉरएवर द्वारा आयोजित यह असाधारण कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए बदलावकारी प्रशिक्षण,रोचक कार्यशालाएं,उनके प्रयासों के लिए सम्मान और भव्य रैली शो लेकर आएगा। ग्लोबल रैली में 100 देशों से 12000 से अधिक लोगों को एकजुट करते हुए फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स के एक और सफलता भरे साल का जश्न मनाएगी। उम्मीद है कि इस बार भारत में फॉरएवर ग्लोबल रैली पर्यटन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा हॉस्पिटेलिटी एवं पर्यटन सेक्टर से जुड़े हजारों भारतीयों को लाभान्वित करेगी ।फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स के सीईओ ग्रेग मॉघान ने कहा कि एफजीआर 2024 उपस्थित गणों को चुनौतियों एवं अवसरों के बारे में परिचित कराएगा ।हरीश सिंगला,कंट्री सेल्स मैनेजर,फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स,भारत ने कहा यह सालाना रैली बड़ी संख्या में लोगों को एक मंच पर लाकर फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स की सफलता का जश्न मनाएगी। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सेमिनार,कार्यशालाओं,प्रेस सम्मलनों,बिजनेस मालिकों के लिए सम्मान समारोहों,पहली बार एफजीआर क्वालीफायर अराइवल्स,कंट्री मैनेजर मीटिंग्स,डेली एक्टिविटीज,वीआईपी डिनर और ग्लोबल रैली शोज का आयोजन किया जाएगा ।मेजबान देश के रूप में भारत फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 में आने वाले मेहमानों का उत्सुकता से इंतजार कर रहा है ।यह आयोजन सुनिश्चित करेगा कि सभी प्रतिभागी एवं एफबीओ (फॉरएवर बिजनेस मालिक) अपने साथ अच्छी यादें लेकर लौटें। यह विश्वस्तीय आयोजन 140 देशों से फॉरएवर के बिजनेस मालिकों को एक मंच पर लेकर आएगा उन्हें ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा जहां वे नए प्रोडक्ट्स के बारे में जान सकें, कारोबार रणनीतियों को एक दूसरे के साथ साझा कर सकें,अपने साथ मनोरंजक और प्रेरक अनुभव लेकर लौटें तथा एक साथ मिलकर व्यक्तिगत एवं सामुहिक सफलता का जश्न मनाएं ।समाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रतिबद्धता के साथ फॉरएवर,फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 के दौरान रेक्स मॉघान फॉरएवर गिविंग फाउन्डेशन के माध्यम से विभिन्न पहलों का आयोजन करेगा ।फाउन्डेशन चैरिटी वॉटर एवं फंडरेजिंग में योगदान देकर भारत के जरूरतमंद लोगों के लिए स्वच्छ पेय जल को सुलभ बनाएगा। साथ ही महिलाओं, बच्चो एवं प्राकृतिक आपदा से उबर रहे समुदायों को भी सहयोग प्रदान करेगा।

### रियलमी ने 10,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में एंट्री-लेवल 5 जी किलर,रियलमी 12 5 जी पेश किया

**शिमला:** भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12७ 5जी लॉन्च किया। रियलमी नंबर सीरीज का यह नया स्मार्टफोन कंपनी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है,जो इसके मेक इट रियल के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों के अनुरूप है ।एंट्री-लेवल 5 जी किलर के रूप में रियलमी 12 5 जी यूजर्स को अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। यह 45वाट सुपरवूक चार्जिंग और 5000 एम-ऐ एच की शक्तिशाली बैटरी के साथ भारत में अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है। इसमें एयर जेस्चर कंट्रोल अपने सेगमेंट में पहली बार दिया गया है ।इस स्मार्टफोन में अपने सेगमेंट में 120हट्र्ज के सर्वाधिक रिफ्रेश रेट और 800 निट्स की ब्राइटनेस के साथ सेगमेंट का सबसे ब्राइट डिस्प्ले है ।इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6100 प्लस 5 जी चिपसेट लगा है और अपने सेगमेंट का पहला वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम भी दिया गया है ।यह फैशन से प्रेरित डिजाइन के साथ 7.69 मिमी पतली सुपर स्लिम बॉडी के साथ आता है। इसमें 50एम- पी के ऐ आई कैमरा,2 एम- पी के सेकंडरी कैमरा और 8 एम-पी के सेल्फी कैमरा के साथ एक शानदार कैमरा सेटअप है ।इसके अलावा इसमें आई पी 54 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टेंस,ड्युअल स्टीरियो स्पीकर और 128 जी बी की विशाल स्टोरेज क्षमता के साथ 8 जी बी प्लस 8 जी बी की डायनामिक रैम जैसी अन्य फ्लैगशिप विशेषताएं भी शामिल हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ह्रहम रियलमी 12७ 5 जी पेश करके बहुत उत्साहित हैं। यह हमारी नंबर सीरीज का सबसे नया स्मार्टफोन है। यह एक एंट्री-लेवल 5 जी किलर है, जो अपनी आधुनिक विशेषताओं और बेहतरीन मूल्य के साथ एंट्री-लेवल बाजार में हलचल मचा देगा।

# आटीपीबीएस से वोट करेंगे सैनिक व अर्ध सैनिक सुरक्षा बल

**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी:** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि 30-द्रंग के विधानसभा क्षेत्र में बहुत से मतदाता हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। सैनिक एअर्ध सैनिक बल, इत्यादि में वह मतदान करने के लिए घर नहीं आ सकते हैं तो भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा भारत का प्रत्येक नागरिक वोट देने का अधिकार रखता है। इसी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग ने सैनिक व अर्धसैनिक, सुरक्षा बल इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान करने की सुविधा दी गई है। यह सर्विस वोट के द्वारा अपना मतदान आगामी लोकसभा 2024 के लिए कर सकते है। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40: से अधिक विकलांगता वाले वोटरों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। जब 85 साल से ज्यादा उम्र के मतदाता है उन सब के पास फार्म पहुंचाएंगे अगर वह यह कहेंगे कि वह बूथ पर नहीं आएंगे तो उनके घर वोट लेने जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारी व अधिकारी फ ार्म 12-डी भरकर बैलट पेपर के माध्यम से अपने मत अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

# 'निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के पीछे भाजपा का दबाव और प्रलोभन'

**चमन शर्मा**
**शिमला: प्रदेश** के वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर सुक्खू सरकार के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर हमला साधा है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में सरकार गिराने की नापाक कोशिश भाजपा ने की थी अब यह स्पष्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार कराने पर भाजपा अड़ी हुई है। इस मामले में अब भाजपा के लोग प्रदेश के राज्यपाल को भी खींच लाए हैं। नेगी ने कहा कि इन विधायकों के इस्तीफे के पीछे दबाव और प्रलोभन है इसको लेकर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत भी दी है। सुक्खू सरकार के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा वर्तमान में भाजपा के लोग तीनों निर्दलीय विधायकों का इस्तीफ ा स्वीकार न होने की बात कर रहे हैं। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस बारे में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत भी दी है। इन तीनों विधायकों के इस्तीफे के पीछे की वजह उनकी स्वेच्छा है या भाजपा का दबाव और प्रलोभन। इसकी जांच को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत दी गई है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस शिकायत पत्र में उन्होंने विधायकों के इस्तीफे से पहले के 30 दिनों का पुरा ब्यौरा दिया है। जिसमें इस्तीफ ा से 30 दिन पहले से यह तीनों निर्दलीय विधायक भाजपा के आश्रय में प्रदेश के बारह पांच सितारा होटल में रुके। हेलीकॉप्टर में घूमते रहे। दिल्ली और ऋ षिकेश में भाजपा के लोगों ने इनको बंधी बनाकर रखा। वहीं अब भाजपा के लोगों ने इस मामले में प्रदेश के राज्यपाल को भी शामिल कर लिया है। भाजपा के लोग प्रदेश के राज्यपाल पर दबाव बनाकर इन निर्दलीय विधायकों का इस्तीफ ा स्वीकार करने की कोशिश कर रहे हैं।

## बूथ 27 में स्वीप टीम ने मतदाताओं को किया जागरूक

**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी:** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत 27 सुंदर नगर विधानसभा क्षेत्र की स्वीप टीम के द्वारा निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश के मिशन 414 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कम प्रतिशतता वाले पोलिंग बूथ पर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी मुहिम के अंतर्गत सुंदर नगर विधानसभा क्षेत्र के बी बी एम बी कॉलोनी सुंदर नगर के पोलिंग बूथ 27 ओपन एयर थिएटर ब्लॉक पर जाकर स्थानीय मतदाताओं को मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

# बिलासपुर पीओ सैल ने पलामू ने गिरफ्तार किया उदघोषित अपराधी

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर: बिलासपुर** पुलिस विभाग के पीओ सैल द्वारा माननीय अदालत से उदघोषित अपराधी को झारखंड के पलामू जिला से गिरफ्तार करने में सफ लता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम सुनील कुमार निवासी गांव काश्वाखर डाकघर रोल, थाना नवाजयपुर जिला पलामू झारखंड है। वर्ष 2005 में इस व्यक्ति पर थाना बरमाणा में आईटीडी कंपनी के टिप्परों से तेल चोरी का आरोप था। वर्ष 2016 में माननीय अदालत द्वारा सुनील कुमार को उदघोषित अपराधी करार दिया गया। यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता एवं डीएसपी हैडक्वार्टर मदन धीमान ने बताया कि विभाग की पीओ सैल टीम में शामिल हैड कांस्टेबल मनोज कुमार, सुरेश कुमार, कांस्टेबल रविंद्र कुमार व मनीश कुमार की टीम इस उदघोषित अपराधी को पलामू से गिरफ्तार किया।



## राजगढ़ पुलिस ने शराब की 28 पेटियों सहित धरा आरोपी

**एसपी जैरथ**
**नाहन:** जिला सिरमौर के उपमंडल राजगढ़ में पुलिस चौकी पझौता की टीम ने देसी शराब की 28 पेटियों सहित वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ओमप्रकाश, निवासी गांव शमौण झाल-कवाल, टपरोली तहसील राजगढ़, जिला सिरमौर के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राजगढ़ थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस की टीम ने झाल-कवाल कैंची नजद गांव शमौण सडक पर झाल-कवाल लिंक रोड से आ रही बोलेरो गाड़ी नंबर-एचपी16-9858 को शक के आधार पर जांच के लिए रुकवाया।

# कांग्रेस को हार का डर, नहीं कर रहे निर्दलियों के इस्तीफे मंजूर: हंस राज

## भाजपा की ओर से कोई दबाव नहीं, कांग्रेस पार्टी में था घुटन का माहौल



**साधा निशाना**

**8 कांग्रेस के मंत्री केवल मात्र अपनी पार्टी के बचाव में ब्यान बाजी कर रहे हैं और सच्चाई तो उनको भी पता है**

**चमन शर्मा**
**शिमला: भाजपा** के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी स्पीकर हंस राज ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री केवल मात्र अपनी पार्टी के बचाव में ब्यान बाजी कर रहे हैं और सच्चाई तो उनको भी पता है। उन्होंने कहा कि जितने भी आरोप कांग्रेस के मंत्री द्वारा लगाए गए हैं वह निराधार, झूठे और बेबुनियाद है। सच्चाई जनता के समक्ष है और जो घटनाक्रम हिमाचल प्रदेश में चल रहा है वह सबके सामने, कांग्रेस पार्टी के 6 विधायकों ने अपना वोट दिखा कर डाला यह कितनी बड़ी बात है, ऐसा इतिहास में कभी नहीं हुआ इसका मतलब स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार में घुटन का माहौल है। जब कोई विधायक अपने क्षेत्र की समस्याएं लेकर मुख्यमंत्री के सामने जाता है तो उसको 2 से 3 महीने का समय दिया जाता है ऐसा आज से पहले कभी नहीं हुआ, कांग्रेस पार्टी केवल मात्र अपना चेहरा बचाने का प्रयास कर रही है। निर्दलीय भी परेशान थे और वह तो केवल मात्र अपना हक मांग रहे हैं। उन्होंने इस्तीफ ा दिया और कांग्रेस पार्टी की सरकार उनको भी मंजूर नहीं कर रही है, क्योंकि उनको पता है कि 9 की 9 सीटें हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी हार जाएंगे। क्योंकि जनता के बीच कांग्रेस पार्टी के प्रति बहुत बड़ा रोष है और यह फ ीडबैक उनके नेता भी आलाकमान को दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता केवल मात्र दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है, वह सभी विधायकों के प्रति बदला बदली की भावना से कम कर रहे हैं, किसी नेता का घर का रास्ता रोक रहे हैं, तो किसी के कारोबार को हानि पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, झूठे केस बना रहे हैं और सरकार का पूर्ण दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे कर्मों के लिए जनता इनको माफ नहीं करेगी आने वाले चुनाव में स्पष्ट हो जाएगा जब हिमाचल प्रदेश में चारों लोकसभा सीटें और नौ उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी जीतेगी।

# मेडिकल कॉलेज चंबा का नया कारनामा

## परिजनों ने एक-दूसरे पर लगाए नवजात शिशुओं की अदला-बदली के आरोप, जांच के लिए कमेटी गठित

**हामिद**
**चंबा: बीते** रोज मेडिकल कॉलेज चंबा में परिजनों ने एक-दूसरे पर नवजात की अदला-बदली के आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया तथा मेडिकल कॉलेज के स्टाफ पर नवजात बच्चों की अदला-बदली के आरोप लगाकर खासा हंगामा किया। बाद में इसकी लिखित शिकायत मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को की गई जिस पर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक ने उस शिकायत पर एक कमेटी गठित कर दी तथा कमेटी को तीन दिनों के भीतर भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा गया। अब जांच कमेटी की रिपोर्ट पर ही नवजात के अदला-बदली को लेकर लगाए गए आरोपों से पर्दा उठ पाएगा। इतना ही नहीं, यदि जांच करने के लिए डीएनए टेस्ट की भी जरूरत पड़ती है तो पुलिस विभाग से संपर्क साधकर डीएनए टेस्ट भी करवाया जा सकता है। यह पहला मौका है जब पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में पहली बार नवजात के अदला-बदली करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार चुराह से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि 28 मार्च को उसकी पत्नी ने मेडिकल कॉलेज चंबा में एक नवजात शिशु बेटे को जन्म दिया। इसी समय भरमौर से ताल्लुक रखने वाली एक महिला ने भी मेडिकल कॉलेज में एक नवजात बेटे को जन्म दिया। पीड़ित ने दावा किया कि जन्म के बाद उनका नवजात बेटा पूरी तरह स्वस्थ था। उनका कहना है कि उन्होंने अपने बच्चे की फोटो भी खींची हुई है। बावजूद इसके मेडिकल कॉलेज में उनके हष्ट-पुष्ट शिशु की जगह दूसरे नवजात के साथ अदला-बदली कर दी गई है इसको लेकर बाकायदा उनकी आपस में बहस भी हुई। अगले दिन परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद ये मामला बढ? पर चिकित्सा अधीक्षक के पास पहुंचा है। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में प्रसव के दौरान तैनात स्टाफ पर नवजात की अदला-बदली करने के संगीन आरोप जड़े चिकित्सा अधीक्षक के पास पहुंची लिखित शिकायत के बाद उन्होंने जांच कमेटी गठित कर दी है। इसमें डिप्टी एमएसए शिशु रोग विशेषज्ञ, गायनी विशेषज्ञ, वार्ड सिस्टर और नर्स को शामिल किया गया है। तीन दिन के भीतर ये कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपन ठाकुर ने बताया कि नवजात के अदला-बदली करने संबंधी परिजनों की लिखित शिकायत उनके पास पहुंची है। शिकायत के आधार पर जांच कमेटी गठित की गई है। जांच कमेटी अपने स्तर पर मामले की जांच करेगी। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। यदि आवश्यकता पड़ी तो नवजात का डीएनए टेस्ट भी पुलिस से संपर्क कर करवाया जा सकता है।

## हिमाचल पुरूष हैंडबाल टीम ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर:** बिहार के बेगूसराय में चल रही 52वीं राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह जानकारी देते हुए टीम के कोच विवेक पठानिया ने बताया कि प्रदेश की टीम ने प्री-क्वार्टरफ इनल मुकाबले में तेलंगाना को 24 के मुकाबले 35 अंकों से परास्त किया। मैच में टीम के लिए कप्तान वरुण ने 7, हर्षदीप ने 5, लोकेश ने 4, नितेश नेगी ने 4, प्रियांशु ने 3, रोहित ने 3, राहुल ने 3, श्रेयांश ने 3, दीपक ने 3 गोल किए। टीम अपना क्वार्टर फ इनल मुकाबला मध्यप्रदेश के साथ खेलेगी।

# तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न होने पर बोले राज्यपाल शुक्ल

## राजभवन की अपनी मर्यादा, सबकी भलाई और बुराई रहती है सबके साथ

**चमन शर्मा**
**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बुधवार को राजभवन में डॉ. किरण चड्ढा की डलहौजी पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि इस पुस्तक के जरिए बाहरी लोगों को डलहौजी के बारे में जानकारी मिलेगी और रुचि बढ़ेगी। वहीं, इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे अभी तक स्वीकार न होने को लेकर कहा कि इस संदर्भ में राजभवन अपनी मयार्दा में काम कर रहा है और इस मामले पर फैसला विधानसभा अध्यक्ष को लेना है। राज्यपाल ने कहा कि सबकी भलाई और बुराई सबके साथ रहती है। राज्यपाल से प्रताप शुक्ल ने कहा कि उन्होंने पहले ही हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को मध्य प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इसका संज्ञान लिया होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को खुद ही इस बारे में फैसला करना है। राज्यपाल ने कहा कि सबकी भलाई और बुराई सबके साथ रहती है।



# बिलासपुर में 85 व 100 वर्ष की आयु की महिला मतदाता पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा अधिक: डीसी

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर: जिला** निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने प्रैस को जारी बयान में बताया कि जिला बिलासपुर में 85 वर्ष एवं इससे अधिक तथा 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं में महिला मतदाता की तादाद अधिक है। जिला में जिला बिलासपुर में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 4248 मतदाता शामिल हैं जिनमें 2603 महिला मतदाता और 1645 पुरुष मतदाता है। जबकि 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कुल 92 मतदाता जिला में है जिनमें से 22 पुरुष व 70 महिलाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 40 झंडुता, आजा निर्वाचन क्षेत्र में 392पुरुष तथा 595 महिलाए 47 घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में 453 पुरुष जबकि 920 महिलाए 48 बिलासपुर में 438 पुरुष तथा 653 महिलाए 49 श्री नयना देवी जी निर्वाचन क्षेत्र में 340 पुरुष तथा 365 महिला मतदाता इस बार लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। 100 वर्ष अथवा इससे अधिक आयु वर्ग में 46 झंडुता, आजा निर्वाचन क्षेत्र में 03 पुरुष 16 महिलाएं, 47 घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में पांच पुरुष 24 महिलाएं, 48 बिलासपुर में 9 पुरुष 17 महिलाएं तथा श्री नैना देवी जी निर्वाचन क्षेत्र में पांच पुरुष व 13 महिला मतदाता शामिल है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान 85 वर्ष से अधिक आयु, दिव्यांग जो 40: से अधिक निशक्तता रखता हो एवं कोविड-19 से ग्रसित मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में देश में हर क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक प्रगति : जयराम ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 साल का कार्यकाल भारत में ऐतिहासिक प्रगति का समय रहा है। रक्षा से लेकर स्वास्थ्य, विज्ञान, अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने अग्रणी भूमिका निभाई। भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी महामारी के समय भारत ने दो वैक्सीन बनाकर सभी भारतवासियों को निःशुल्क देने के साथ.साथ वसुधैव कुटुम्बकम्‌ के दायित्व का निर्वहन करते हुए दुनिया के अन्य देशों को भी देकर मानवता की सेवा करने का कार्य किया। जयराम ठाकुर ने कहा की पहले जहाँ महामारियों की वैक्सीन भारत आने में दशकों का समय लग जाता था आज वही भारत सबसे पहले वैक्सीन बनाकर अन्य देशों को भी भेज रहा है, यह नरेंद्र मोदी का भारत है। जो आत्मनिर्भरता के साथ साथ विश्व कल्याण की भावना के साथ प्रगति की विकासगाथा लिख रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था थीए मात्र दस साल के कार्यकाल में बड़ी.बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पछाडकर पाँचवे स्थान पर आ गई। यह काम इतना आसान नहीं था



लेकिन नरेन्द्र मोदी कठिन काम के लिए जाने जाते हैं। इस बार प्रधानमंत्री ने और कठिन लक्ष्य रखा है, वह है भारत को दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना। हर भारतीय को पूर्ण विश्वास है कि यह लक्ष्य भी पूरा होगा। इसके बाद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने और बड़ा लक्ष्य रखा है वह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य। जब भारत अपने आजादी के सौवें वर्ष का जश्न मना रहा होगा तब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी वैश्विक जिम्मेदारियां निभा रहा होगा। नरेन्द्र मोदी की इस मुहिम में देश के लोग साथ आए हैं और कदम से कदम से मिलाकर साथ चल रहे हैं। इस समय हर भारतीय नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए कार्य कर रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है। चिकित्सा से लेकर विज्ञान तक के क्षेत्र में ऐतिहासिक तरक्क़ी की है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान उतारकर विश्व के चुनिंदा देशों में शामिल हुआ तो अब गगनयान से आसमान मापने की तैयारी चल रही है। पहले अमेरिका, रूस जैसे देशों से बहुत सारी वस्तुओं का आयात करना पड़ता था।

युद्ध का सारा समान हम रूस और अमेरिका से मांगते थे। परन्तु आज हम मांगने वाले नहीं देने वाले बन गए। आज हम विदेशों को देते हैं। भारत आज हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।

# लघु शिवरात्रि मेला में कॉलेज विद्यार्थियों के लिए आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिता

**प्रतियोगिता**

**8 आईटीआई जोगिन्दर नगर स्थित डोहग पहले तथा जय दुर्गा मां नर्सिंग कॉलेज जोगिन्दर नगर दूसरे स्थान पर रहा।**



**संगराय**

**जोगिंद्रनगरः राज्य** स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के अवसर पर आज स्कूल व कॉलेज स्तर की लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल स्तर की लोकनृत्य प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू पहले स्थान पर रहा। इसी प्रतियोगिता में मांउट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल झलवाण जोगिन्दर नगर दूसरे तथा राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर तीसरे स्थान पर रहा।यह जानकारी देते

हुए सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन समिति की संयोजिका एवं प्रधानाचार्य आईटीआई ई. नवीन कुमारी ने बताया कि लोकनृत्य प्रतियोगिता के कॉलेज वर्ग में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिन्दर नगर स्थित डोहग पहले तथा जय दुर्गा मां नर्सिंग कॉलेज जोगिन्दर नगर दूसरे स्थान पर रहा।

## कांग्रेस के नेता बताएं मनु सिंघवी ने आज तक कौन सा चुनाव जीता : गिल

**राजन पुरी**

**ऊनाः भाजपा** के ऊना मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह गिल ने पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जेपी नड्डा के चुनाव पर टिप्पणी करने से पहले पूर्व विधायक को यह भी देख लेना चाहिए कि उनकी पार्टी के बड़े नेताओं ने लोकसभा का चुनाव कब क्यों और कहां से लड़ा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जैसे नेताओं को उत्तर प्रदेश छोडकर केरल जैसे राज्यों का रुख करना पड़ा। गिल ने कहा कि कांग्रेस के हारे नकारे नेता कंगना रनौत के घर को लेकर जिस तरह से टिप्पणियां

# विधायक आशीष शर्मा ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ की बैठक

**बैठक**

**8 प्रदेश की निकम्मी सरकार से किसी तरह का सहयोग कार्यों को करने के लिए नहीं मिला**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं और समर्थकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र के वह कार्यकर्ता मौजूद रहे जो पूर्व के चुनावों में आशीष शर्मा के साथ चले थे और विभिन्न राजनीतिक दलों से सम्बंधित थे। भाजपा की



सदस्यता ग्रहण करने के बाद जहां मंगलवार को भाजपा मंडल के साथ विधायक ने परिचय बैठक का आयोजन किया वहीं बुधवार को उन कार्यकताओं के साथ मीटिंग की जिन्होंने आशीष शर्मा को निर्दलीय विजयी बनाने के लिए कार्य किया था। सभी कार्यकताओं ने आशीष शर्मा के भाजपा में जाने के निर्णय को सराहा और एक स्वर में भाजपा का साथ अगामी चुनावों में देने का निर्णय लिया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब कुनबा बढ़ा है और भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। सभी अगामी लोकसभा चुनावों व विधानसभा उपचुनावों में भाजपा के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा की आप सभी कार्यकताओं के बताए हर काम को अपने स्तर पर करवाने का प्रयास किया है। प्रदेश की निकम्मी सरकार से किसी तरह का सहयोग कार्यों को करने के लिए नहीं मिला। जिसके चलते जनहित में यह कड़े निर्णय लेने पड़े। अब कांग्रेस सरकार जल्द ही हमेशा के लिए प्रदेश से जाने वाली है और देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश विकास की ओर अग्रसर होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व सानिध्य में काम करने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी का प्यार व आशीर्वाद सदैव मिला है और आगे भी आप सभी का मार्गदर्शन व आशीर्वाद मिलेगा। भाजपा परिवार में शामिल होकर वह गौरवान्वित है और विश्व के सबसे बड़े राजनितिक दल व कुशल नेतृत्व में काम करने का अवसर मिला है। वह अपने क्षेत्र की जनता के हित में हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने सभी को आठ अप्रैल को गांधी चौक हमीरपुर पर होने वाली विशाल जनसभा व रैली के लिए न्योता भी दिया। इस मौके पर सभी ने एक स्वर में भाजपा का

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय किसान मेला पधर के लिए 10 और 11 अप्रैल को होगा प्लाट आवंटन : एसडीएम

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी : मेला** समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धार्मिक श्रद्धा व उल्लास के साथ जिला स्तरीय किसान मेला 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक मनाया जाएगा जिसमें दुकान लगाने हेतु प्लाट आवंटन 10 और 11 अप्रैल को किया जाएगा। जिसमें प्लॉट आवंटन के लिए कमेटी का गठन किया गया है जिसमें तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल कमेटी के अध्यक्ष है। उन्होंने इच्छुक व्यक्तियों से आग्रह किया की 10 और 11 अप्रैल को वह सुबह 11 बजे से 3 बजे तक बोली में भाग ले सकते हैं अधिक जानकारी हेतु उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय पधर के दूरभाष नंबर 01908260 666 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अप्रैल को चामुंडा माता डलाह के द्वारा आईपीएच रेस्ट हाउस डलाह के पास भंडारे का आयोजन किया जा रहा है तो आम जनता से अनुरोध किया कि इस अवसर पर भंडारे का प्रसाद जरूर ग्रहण करें।

### विधानसभा सचिवालय में सम्पन्न हुई नव गठित कल्याण समिति की बैठकें

**चमन शर्मा**

**शिमला :** नव गठित कल्याण समिति की 02 व 03 अप्रैल, 2024 की प्रथम बैठक माननीय सभापति नन्द लाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इन बैठकों में विनोद कुमार, लोकेन्द्र कुमार व विनोद सुल्तानपुरी सदस्यों ने भाग लिया। इन बैठकों में सर्वप्रथम सभापति ने इस वर्ष की प्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत कर उन्हें समिति के आन्तरिक कार्य प्रणाली के नियमों से अवगत करवाया। समिति ने वर्ष 2023–24 के लम्बित कार्यों का अवलोकन किया तथा इन पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त समिति ने मांग संख्याः 32 अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 की अनुदान मांगों की संवीक्षा पर आधारित समिति के 41वें कार्रवाई प्रतिवेदन में निहित सिफारिशों पर प्राप्त विभागीय उत्तरों का अवलोकन किया तथा अवलोकनोपरान्त कुछ एक बिन्दुओं पर पुनः सिफ ारिशें/टिप्पणीयां कर आगामी कार्रवाई हेतु विभाग को भेजने का निर्णय भी लिया।

### ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च में 53000 से ज्यादा यूनिट्स का ऑल टाइम हाई रजिस्ट्रेशन दर्ज किया

**चंडीगढ़ : ओला इलेक्ट्रिक ने आज घोषणा की है कि उसने मार्च महीने में 53000 से अधिक रजिस्ट्रेशन** (वाहन पोर्टल के अनुसार)दर्ज किए जो लगातार पांचवें महीने में फिर से सबसे अधिक मन्थली वॉल्यूम है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में 115प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की जिसमें 328785 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं जबकि वित्त वर्ष 23 में 152741 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं। मार्च में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ कंपनी ने महीने के दौरान अपने अग्रणी मार्केट शेयर को बनाए रखा और पिछली तिमाही में 84133 यूनिट्स की तुलना में क्यू4 वित्त वर्ष 24 के दौरान पंजीकृत 119310 यूनिट्स के साथ 42प्रतिशत क्वार्टरली वृद्धि दर्ज की। ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर,अंशुल खंडेलवाल ने कहा,मार्च में रजिस्ट्रेशन के 53000 मार्क को पार करने के साथ साथ वित्त वर्ष 24 का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था। पिछला वर्ष हमारे साथ.साथ ईवी इंडस्ट्री के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है और हम वॉल्यूम व मार्केट शेयर दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज करते हुए पूरे वित्तीय वर्ष में मार्केट लीडर रहे हैं। हमने अकेले क्यू4 वित्त वर्ष 24 में लगभग 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन्स दर्ज किए हैं जो हमारे मजबूत स्कूटर पोर्टफोलियो को दशार्ता है और हमारा लक्ष्य विकास पथ की ओर बढ़ना व भारत की इलेक्ट्रिफिकेशन जर्नी में और योगदान रखना है।ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में ईवी को अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के प्रयास में प्रोडक्ट्स,सर्विसेस,चार्जिंग नेटवर्क और बैटरी वारंटी जैसे इनिशिएटिव की एक सीरीज की घोषणा की है। एस1 एक्स के लॉन्च के साथ ओला इलेक्ट्रिक का पोर्टफोलियो अब बढ़कर छह प्रोडक्ट्स का हो गया है जो अलग.अलग कीमतों पर और अलग.अलग रेंज के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। ओला इलेक्ट्रिक ने बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के अपने प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला के लिए 8 साल/80000 किमी की एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी भी लॉन्च की ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि यह कदम वाहनों के जीवनकाल को बढ़ाकर ईवी अपनाने में आने वाली बाधाओं में से एक का समाधान करता है। ग्राहक अब ऐड ऑन वारंटी का विकल्प भी चुन सकते हैं और 4999 रुपये की मामूली स्टार्टिंग प्राइस पर ट्रैवल किए गए किलोमीटर की ऊपरी सीमा को 125000 किमी तक बढ़ा सकते हैं। ओला इलेक्ट्रिक 3केडवलु का पोर्टेबल फास्ट चार्जर एक्सेसरी भी ऑफर करता है और इसे आप 29999 रुपये में खरीद सकते हैं। 19 मार्च को कंपनी ने देश भर में अपने सर्विस नेटवर्क का विस्तार करते हुए प्रयागराज में अपने 450वें सर्विस सेंटर का भी उद्घाटन किया।

# केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में सेब बागवानी करना हुआ मुश्किल : पूर्ण ठाकुर



**चमन शर्मा**

**शिमलाः सेब** उत्पादन हिमाचल प्रदेश में अब घाटे की खेती बन गया है यह बात शिमला में सेब उत्पादक संघ के सम्मेलन में सामने आई हैं जिसमें प्रदेश के 18 ब्लॉक के 300 सेब उत्पादकों ने हिस्सा लिया और सेब बागवानी में आ रही समस्याओं को लेकर मंथन हुआ। सेब उत्पादक संघ 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 18 ब्लॉक में जाकर बागवानों के सम्मेलन करने जा रहा है जिसमें बागवानों की समस्याओं को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। सेब उत्पादक संघ के राज्यसचिव पूर्ण ठाकुर ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आज प्रदेश में सेब बागवानी करना मुश्किल हो गया है। खाद और कीटनाशक दवाएं मंहगी हो गई है इसमें सरकार नियंत्रण नहीं कर पा रही है। दुकानदार मनमाफि क दामों पर कीटनाशक दवाएं बेच रहे हैं जबकि एमआरपी कुछ अलग लिखा होता है। आयात

**बैठक**

**8 संघ के सम्मेलन में सामने आई हैं जिसमें प्रदेश के 18 ब्लॉक के 300 सेब उत्पादकों ने हिस्सा लिया**

शुल्क को 100 फ ीसदी करने की बागवान लंबे अरसे से मांग कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार इसे कम कर रही है जिससे प्रदेश के सेब को अच्छा दाम नहीं मिल रहा। यूनिवर्सल कार्टन सरकार का अच्छा निर्णय है इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा मंडी मध्यस्थता योजना के तहत खरीदे गए सेब की दो वर्ष से अदायगी नही की गई है इसका जल्द बागवानों को भुगतान किया जाए और स्वामीनाथन आयोग की रिर्पोट को लागू करने की किसान बागवान लंबे अरसे से मांग कर रहे हैं लेकिन सरकारें इस दिशा के गंभीर नहीं है इसलिए सेब बागवान केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा आन्दोलन खड़ा करने की तैयारी में है।

## प्रांब में दो गुटों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः पुलिस** थाना अंब के तहत प्रांब में दो गुटों में मारपीट का मामला सामना आया है। मारपीट में दोनों पक्षों से युवकों को चोटें पहुंची है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पप्पू कुमार निवासी प्रांब ने बताया कि गांव के ही जगजीवन व अन्य ने इसका व इसके भाई का रास्ता रोककर मारपीट करी। मारपीट में पप्पू कुमार व इसका भाई जख्मी हुआ है। वहीं जगजीवन कुमार ने बताया कि गांव के ही साहिल, विक्की, अक्षय, मनोज, अभिषेक उर्फ अब्बु, हैपी, ताराचंद व बबलू ने घर में इसका रास्ता रोककर इसके व इसके परिवार वालों के साथ मारपीट करी है।

# चांद कुल्लवी के जन्मदिवस पर अकादमी ने मनाया राज्य स्तरीय साहित्यिक कार्यक्रम

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल कला, संस्कृति एवं भाषा अकादमी द्वारा 3 अप्रैल, 2024 को गेयटी थिएटर, शिमला में लाल चंद प्रार्थी के जन्मदिवस पर राज्य स्तरीय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश कंवर, सचिव भाषा-संस्कृति, हि.प्र. सरकार उपस्थित रहे। इन्होंने प्रार्थी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अकादमी द्वारा प्रकाशित प्रार्थी जी का उर्दू गजलों का संग्रह बुजुदो अदम पुस्तक के द्वितीय संस्करण का



लोकार्पण किया। श्री कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तक में वज?दार शेष्र हैं जिनमें से उन्होंने चुनिंदा शेष्र पढकर भी सुनाये। कंवर ने कुल्लू की देव संस्कृति पर भी सभी को अभिभूत करने वाला वक्तव्य दिया। समारोह में प्रार्थी जी के सुपुत्र योगेश प्रार्थी, पुत्र वधू सुषमा प्रार्थी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।संयुक्त निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग मनजीत शर्मा ने इस अवसर पर सभी उपस्थित साहित्यकारों का स्वागत किया। बुजूदो अदम पुस्तक का सम्पादन तथा हिन्दी लिप्यंतरण प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार एवं उर्दू विशेषज्ञ श्री जाहिद अबरोल द्वारा किया गया है।

# धर्मपुर व भदौड़ी में घरों से चोरी करने वाला दूसरा आरोपी काबू

**राजन पुरी**

**ऊनाः** थाना हरोली के तहत भदौडी व धर्मपुर में घरों से चोरी करने के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी ने खुद को सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राम उर्फ राका निवासी फगवाडा पंजाब के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि जून 2023 को अज्ञात शातिरों ने धर्मपुर गांव में चंचला देवी के घर को निशाना बनाया। चंचला परिवार सहित दिन के समय बाजार गए हुए थे। वापिस आकर देखा, तो चोरों ने घर की पिछली ओर से एक खिडकी की ग्रिल निकालकर घर के अंदर से गोदरेज अलमारी से गहने चुरा लिए। चोरी की सूचना पर उप पुलिस



अधीक्षक हरोली मोहन रावत तथा प्रभारी थाना सुनील सांख्यान मौका पर पहुंचे। एक महीने तक चोरों का कोई सुराग नहीं चला। इसी दौरान चोरों ने 25 दिन बाद हरोली के भदौडी में जरनैल के घर चोरी को वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने यहां भी घर के पिछली ओर से एक खिडकी के ग्रिल को निकालकर गोदरेज की अलमारी को टारगेट किया व गहने व नकदी चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने पाया कि चोरी की घटना का वारदात करने का तरीका व धर्मपुर में हुई चोरी की वारदात का तरीका एकदम मिलता जुलता है। इसी लीड पर पुलिस ने काम किया व इलाका के कैमरे व इलैक्ट्रौनिक सर्विलास की मदद से आरोपियों की पहचान करी, जो दोनों आरोपी पंजाब के फगवाडा इलाका के पाए गए। पुलिस ने जाल बिछाते हुए शिवा निवासी गोविंदपुरा, फगवाडा पंजाब को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी पुलिस हिरासत मे रहने के बाद न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया व धर्मपुर मे हुई चोरी के गहनो की बरामदगी पुलिस ने कर ली, लेकिन दूसरा चोर फगवाडा से भागने मे सफल रहा। इस दौरान फरार दूसरे आरोपी ने जिला ऊना में जमानत याचिका भी लगाई, लेकिन पुलिस ने उक्त जमानत रदद करवा दी। फिर आरोपी ने उच्च न्यायलय में भी जमानत लगाई।

# निगरानी समिति एमसीएमसी के सदस्यों की बैठक आयोजित

**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांगः आगामी** लोक सभा चुनाव व विधानसभा उप चुनाव 2024 की तैयारियों के सदर्भ में विधान सभा क्षेत्र-21 अनुसूचित जनजाति लाहौल स्पिति में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। निर्वाचन तहसीलदार ने मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी के सदस्यों को कार्यकलापों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन एवं



विधानसभा के उपचुनाव 2024 के तहत सभी राजनैतिक दलों, समूह अथवा प्रत्याशियों को अनिवार्य रूप से मीडिया में विज्ञापन जारी करने से पहले मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनुमति प्राप्त करनी होगी। जिला लोक सम्पर्क अधिकारी के कार्यालय में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का कार्यालय शुरू किया गया है। आदर्श-आचार संहिता के लागू होने के पश्चात मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति द्वारा कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। समिति द्वारा विज्ञापनों के प्रारूप एवं पेड न्यूज का सूक्ष्म अवलोकन किया जा रहा है। साथ उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञापनों के प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। सामाजिक समरसता बिगड? की आशंका हो अथवा तनाव बढ़ाने वालाएनैतिकताएसदाचार के विपरीत तथा किसीभी धर्मिक वालेविज्ञापनका प्रमाणीकरण भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनैतिक दल अथवा प्रत्याशी को अपना आवेदन प्रस्तावित विज्ञापन की डिजिटल प्रति और उसका प्रतिलेख प्रसारण आरंभ होने की निर्धारित तिथि से संबंधित प्रमाणन समिति को प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात प्रिंट मीडिया इकाई के केवल ई.संस्करणए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इकाईए सोशल मीडिया इकाईए एफएमए स्थानीय रेडियो इकाईएइलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों एवं पेड़ न्यूज पर समिति द्वारा नजर रखी जा रही है । उपायुक्त राहुल कुमार ने समिति के सदस्यों को निर्देश दिये कि जिम्मेदारियों को गम्भीरता से समझे ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी तरह की दिक्कतों का सामना न हो। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी खेम चौहान, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जगदीप शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भराड़ू स्कूल, कन्या स्कूल व जोगिंद्रनगर कॉलेज रहे विजेता

**संगराय**

**जोगिंद्रनगरः** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्र नगर के अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। आज वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 छात्र वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराड़ू पहले तथा नव ज्योति पब्लिक स्कूल भराड़ू दूसरे स्थान पर रहा। इस वर्ग में छात्राओं की वॉलीबाल प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर की ए टीम विजेता तथा बी टीम उपविजेता रही। पहला व दूसरा



स्थान हासिल करने वाली टीमों को क्रमशः 41 सौ व 31 सौ रुपये की इनामी राशि प्रदान की।इसी तरह आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता की महिला वर्ग में राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर विजेता तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर उप विजेता बने। दोनों टीमों को विजेता व पुरूष वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर विजेता तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा उप विजेता बने।

## न्यूज फ्लैश

### जिले में अब तक सरसों की कुल खरीद 1145.15 एमटी: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: उपायुक्त डॉक्टर** वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सरसों की खरीद का कार्य जोर पकड? लगा है।उन्होंने बताया कि मंगलवार को बाबरपुर, बापौली ,पानीपत, इसराना, मडलौडा व समालखा की मंडियों में 370.25 एमटी सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की गई है। उपायुक्त ने बताया कि अभी तक 1145.15 एमटी कुल खरीद की गई है। मंगलवार को 63 एमटी की लिफ्टिंग हुई है। अब तक 427.50 एमटी की लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।

### शिक्षण संस्थानों में ज्यादा से ज्यादा स्वीप कार्यक्रम होंगे आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव डयूटी में नियुक्त सभी नोडल अधिकारी निर्वाचन आयोग की हिदायतों का निर्वाहन ईमानदारी एवं निष्ठता के साथ करेंगे। सभी नोडल अधिकारी समय रहते अपनी सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर लें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव को शांति पूर्ण एवं पारदर्शी एवं स्वतंत्र ढंग से कराने के निर्देश दिए। जिन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत पिछली बार कम हुआ वहां दिया जा रहा विशेष ध्यान। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप का प्लान तैयार किया जा रहा है। प्रशासन शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहा है। शिक्षण सस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक वोट बनाने का आह्द्वान अधिकारियों द्वारा किया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा समय समय पर नई गाईडलाईन दी जाती है। सभी नोडल अधिकारी इसके लिए अपने आप को तैयार रखे व अपडेट रहें। टोल फ्री नम्बर या सीविजल एप पर आने वाली शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निवारण करें व स्वीप के तहत ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम का आयोजन करें।

### जोशी, प्रसाद, ओरटोलानी ने चंडीगढ़ ओपन 2024 के पहले दिन बढ़ाई बढ़त

**चंडीगढ़:** बेंगलूरु के खलिन जोशी, दिल्ली के अर्जुन प्रसाद और ईटली के मिशेल ओरटोलानी ने 8-अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खेली जा रही निसान चंडीगढ़ ओपन 2024 के पहले दिन संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। लोकल फेवरेट करनदीप कोछड़ एक शाट से पिछड़ते हुये पायदान में चैथे स्थान पर हैं। टॉप 10 में ट्राईसिटी के अन्य खिलाड़ियों में अजितेश संधू और अंगद चीमा (66 के स्कोर के साथ संयुक्त स्थान पर) और गगनजीत भुल्लर (67 के स्कोर के साथ संयुक्त रुप से आठवे स्थान पर) है। वहीं दूसरी ओर भारतीय गोल्फ दिग्गज जीवन मिल्खा सिंह 69 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर हैं। इसी बीच इस टूनामेंट में खेल रहे उनके 14 वर्षीय बेटे हरजय मिल्खा सिंह ने भी एमेच्योर के रूप में खेलते हुये 1-अंडर 71 के स्कोर के साथ शानदार शुरूआत की और संयुक्त रूप से 41 वें स्थान पर रहे। खलीन जोशी ने अपने प्रयास में दो लंबी बर्डी और बैक-नाईन पर कुछ बेहतरीन वेज शॉट्स शामिल थे जिससे 16वें पर एक ईगल और 13वें तथा 17वें पर दो और बर्डी बनी। इंटरनेशनल विनर रहे चुके जोशी ने 16वें होल पर ईगल के लिये 60 गज की दूर से होल किया और इसके बाद उन्होंने 17वें होल में बर्डी के लिये 40 गज की दूरी से एक और होल आउट किया। खलील के साथ मिशेल ओरटीलानी के कार्ड पर एक ईगल, नौ बर्डी और तीन बोगी थी। मिशेल ने अपने पहले छह होल में एक ईगल और चार बर्डी लगाकर अपने लिये बेहतरीन शुरूआत ली।

# पानीपत के प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता है तैयार: दुष्यंत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: भाजपा** कार्यालय में जिला के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें बूथ सशक्तिकरण, पार्टी स्थापना दिवस, अंबेडकर जयंती एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई बैठक में इन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के बाद कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई` बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव के प्रति युवाओं में अत्यधिक जोश है और किसी भी अभियान को



सफल बनाने के लिए युवा शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण होता है` उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सुशासन वाली सरकार में बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है

**हर वार्ड और मोहल्ले में हो रहा जनसंपर्क -**

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी रुचि के साथ हर वार्ड और गली में जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए जनसंपर्क कर रहा है` आने वाले दिनों में चुनाव अभियान जोर पकड़ेगा और जनता भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोहर लाल को अपना समर्थन देगी उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की मेहनत के परिणामस्वरूप

इस बार भी 400 पार में हरियाणा अपनी 10 सीटों की योगदान देगा` भाजपा का हर कार्यकर्ता शहरी क्षेत्र के विभिन्न

वार्डों में जाकर पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार को जारी रखे और ग्रामीण क्षेत्र में भी गली-गली पहुंचकर मोदी मैजिक के तहत पार्टी का प्रचार करें` बैठक में पानीपत शहरी विधानसभा प्रभारी विनोद छौक्कर, ग्रामीण विधानसभा प्रभारी गजेन्द्र सलूजा, निवर्तमान मेयर अवनीत कौर, रविन्द्र भाटिया, सुनील सोनी, तरुण गाँधी, कृष्ण छौक्कर, राममेहर मलिक, सत्यवान शेरा, सुनील कुमार, लोकेश नांगरू, अनिल पंवार, महावीर भार्गव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे`

## प्रवेश उत्सव पर हवन यज्ञ का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: राजकीय मॉडल** संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ददलाना 13993 पानीपत मे प्रवेश उत्सव को एक हवन यज्ञ के रूप मे आयोजन करके मनाया गया । विद्यालय के मुख्य शिक्षक सतीश कुमार ने अपने सहयोगी अध्यापकों के साथ मिलकर नये शेक्षणिक वर्ष मे बच्चों के दाखिला प्रक्रिया से पहले बच्चों का तिलक और फूल मालाएं पहनाकर शुभारम्भ किया और विद्यालय मे एक हवन यज्ञ का आयोजन भी किया ' मुख्य शिक्षक सतीश कुमार ने बताया कि इस हवन यज्ञ की आहुति से विद्यालय का वातावरण शुद्ध होगा और बच्चों मे सकारात्मक ऊर्जा व नवशक्ति का संचार होगा। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ददलाना के प्रिंसिपल वेदपाल ने कहा की राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ददलाना के सभी अध्यापक छात्र संख्या बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासरत है।

## विद्यार्थियों के लिए कॉमन कन्वर्सेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: आई. बी. स्नातकोत्तर** महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कॉमन कन्वर्सेशन प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. रेखा शर्मा एवं प्रो. मंजू नरवाल द्वारा किया गया जिसमें कक्षा के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया था और 35 विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में मौजूद रहे ।सभी विद्यार्थियों ने इस एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर भाग लिया । कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे एवं रचनात्मक तरीके से प्रतियोगिता में भाग लिया ।विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है` प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कॉलेज आपको इस तरह के अवसर दे रहा है ताकि आप कॉन्फिडेंट और प्रेजेंटेबल बन सके । इस अवसर पर सभी स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे ।

## आम चुनाव के मद्देनजर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आम चुनाव 2024 के मद्देनजर एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध है। यह पहल चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए ईसीआई के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। प्लेटफॉर्म का उपयोग जानकारी को सत्यापित करने, गलत सूचना के प्रसार को रोकने, मिथक जानकारियों को दूर करने और आम चुनाव 2024 के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में सूचित करने के लिए किया जाएगा।

## जयराम पब्लिक स्कूल में ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य संघ अधिकारी ने निरीक्षण किया

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : देशभर में** संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य संघ अधिकारी एन.सी.सी. मुख्यालय अम्बाला, कमांडर ऑफिसर कर्नल अमरदीप कहलोन, रिशालदार एवं मेजर सुनील कुमार ने बुधवार को निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कैडेट्स द्वारा संघ अधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस के पश्चात उन्होंने पी.आई. स्टाफ, एन.सी.सी. अधिकारी और



सिविल स्टाफ के साथ मुलाकात की। ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने यूनिट कार्यालय के दस्तावेजों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस वर्ष पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत सैनिक स्कूल बनने जा रहे श्री जयराम सैनिक स्कूल के प्रबंधन सदस्य, श्री जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आयुक्त टी.के. शर्मा, निदेशक एस.?एन. गुप्ता एवं स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल से मुलाकात कर सैनिक स्कूल के विषय में विचार विमर्श किया। साथ ही कैडेट्स को संबोधित किया। इस अवसर पर एन.एन.ओ. सुनीता रानी, सूबेदार जुगराज सिंह, जे.सी.ओ. और पी.आई. (पर्सनल इंचार्ज) मौजूद रहे।

## समालखा अनाज मंडी में खुली अटल कैंटीन पर मिलता है मात्र 10 रूपए में भरपेट खाना

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**अगर आपको मात्र** 10 रूपए में घर जैसा खाना भरपेट खाना है तो बैझिझक समालखा की नई अनाज मंडी में चले आना। भारत रत्न दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर खोली गई यह कैंटीन पहले धान ओर गेहूं के सीजन में सिर्फ दो महीने ही चलती थी लेकिन इस बार इसको पूरे साल के लिए चलाने की अनुमति दी गई है। उल्लेखनीय है कि अनाज मंडी में किसानों व मजदूरों की सुविधा के लिए कृषि विपणन बोर्ड के सहयोग से मार्केट कमेटी द्वारा खोली गई है। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश से



इस अटल कैंटीन का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सौंपा गया है। अनाज मंडी की इस अटल कैंटीन पर किसानों व मजदूरों को मात्र 10 रूपए की थाली परोसी जा रही है। कैंटीन की संचालिका मुकेश ने बताया कि एक थाली में चार चपाती,दो सब्जी,सलाद के साथ दिया जाता है। कैंटीन का संचालन कर रही स्वयं सहायता समूह की महिला कर्मचारियों पर नजर रखने के वाली हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन समालखा ब्लाक की कोर्डिनेटर मंजू रानी ने बताया कि कैंटीन में खाना खाने वाले सदस्यों से मात्र 10 रूपए लेकर कूपन दिया जाता है। इसमें स्वयं सहायता समूह को 15 रूपए की सब्सिडी प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। समालखा के एसडीएम अमित कुमार भी निरीक्षण कर अटल कैंटीन पर मिलने वाले खाने की प्रशंसा कर चुके हैं।

## विज्ञापनों, पेड न्यूज व फेक न्यूज पर एमसीएमसी की रहेगी पैनी नजर : उत्तम सिंह



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय निर्वाचन** आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के लिए राजनैतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के राजनैतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज व फेक न्यूज पर पैनी नजर रखने व सर्टिफिकेशन अनुमति प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि यह जिला स्तरीय कमेटी किसी भी राजनैतिक पार्टी, उम्मीदवार या किसी अन्य व्यक्ति को विज्ञापनों के संबंध में सर्टिफिकेशन प्रदान करने या अस्वीकार करने के संबंध में की गई अपील पर निर्णय लेगी। ऐसी अपीलों पर निर्णय केवल जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा ही लिया जाएगा। इसी प्रकार पेड न्यूज की विरुद्ध की गई अपील के संबंध में जिला स्तर पर गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) स्वतः निर्णय लेगी और उम्मीदवार को नोटिस जारी करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश जारी करेगी।

## प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित करने के लिए शिविर 5 अप्रैल को

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नागरिकों की** प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करने के लिए नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर आगामी 5 अप्रैल दिन शुक्रवार को शहर के सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक केन्द्र में एक दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। शिविर में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह तथा उनकी टीम मौजूद रहेगी। इस दौरान वार्ड वासियों की सम्पत्ति कर आई.डी. को स्व-प्रमाणित किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक होगा। बुधवार



को उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस तरह के शिविर का आयोजन वार्ड नम्बर 9 से करने जा रहे हैं, इसके सफल रहने पर ऐसे शिविर शहर के अन्य वार्डों में भी लगाए जाएंगे। उन्होंने वार्ड वासियों से अपील कर कहा है कि जिन व्यक्तियों ने अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को अभी तक सेल्फ सर्टिफाई नहीं किया है, वह शिविर में आकर इस कार्य को करवा सकते हैं। उप निगमायुक्त ने बताया कि इस दौरान अगर कोई व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम, पता व सम्पर्क नम्बर जैसी त्रुटि को ठीक करवाना चाहता है, तो उसे भी मौके पर दुरूस्त करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी., मालिकाना हक व आधार कार्ड जैसे दस्तावेज लेकर आएं, ताकि मौके पर ही उनका कार्य किया जा सके।

## स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता परिवार के साथ ध्वज लगाए: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पन्ना प्रमुखो को ध्वज वितरण करते हुए कहां की आगामी 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता परिवार के साथ ध्वज लगाएं ताकि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पार्टी को मजबूती का संदेश जा सके। बुधवार को सुंदल मोहल्ला, कबीरपुर, प्रगति नगर, सैनीपुरा, प्रेम नगर टिल्ला, चार मरला के शक्ति केंद्र पर जाकर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की 44 वर्षों में पार्टी कार्यकताओं की मेहनत एवं समर्पण से भाजपा देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है, लोकसभा चुनाव में



रिकॉर्ड बहुमत हासिल करके तीसरी बार फिर नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यकताओं ने हाथ में पार्टी का ध्वज लेकर भारत माता और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती कविता जैन ने शास्त्री कॉलोनी, कोट मोहल्ला, सेक्टर-15 मे पन्ना प्रमुखो की बैठक में कहा की देश के इतिहास में यह पहला ऐसा चुनाव है

जिसमें वोट डालने से पहले ही भाजपा के पक्ष में परिणाम तय हो चुका है परंतु चुनाव में अति आत्मविश्वास रखने की बजाय दिन-रात मेहनत करनी होगी। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां को लेकर घर-घर जाने और भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडोली को ज़िता कर तीसरी बार कमल खिलाने का काम करें बैठक में पार्षद हरि प्रकाश सैनी, नरेश मंडल अध्यक्ष सूरज, रजत जैन, अमित शौनक, राजीव खत्री, महताब खत्री, निर्मला खत्री, सुरेश पूर्व सरपंच, शामलाल, शशिकांत भारद्वाज, सतनारायण मेहरा, दर्शना रत्तेवाल, बालमुकुंद, सतपाल कटारिया, मुकेश एंडी, नरेश कुमार, राजकुमार शर्मा ,जोगेन्दर सेठा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जो की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत ने लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बुधवार को जिला लघु सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित पुलिस विभाग के सभागार में सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट व चौकी इंचार्जो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करें तथा आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण रुप से करवाने के लिए तैयारियों में जुट जाएं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूरा करें।



चुनाव आयोग के निदेर्शों की दृड़ता से पालना करें तथा मांगे गए जबाव को निर्धारित समय अवधि में संबंधित अधिकारियों को भेजना सुनिश्चित करें। बूथों का भ्रमण कर बिल्डिंग व परिसर का जायजा लेकर रिपोर्ट दे। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए की अपने थाना क्षेत्र के लाइसेंस असला धारकों के शत प्रतिशत असले जमा करवाए। चुनाव के दौरान किसी के पास कोई भी हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाइ करें। इसके साथ ही क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त करे और नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच करे। उन्होनें पेट्रोलिंग और चौकिंग अभियान को और अधिक प्रभावी रूप से चलाने के निर्देश देते हुए कहा की चुनाव को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों, शराब तस्करों और अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सभी प्रभावी कदम उठाए। रुपयों द्वारा वोटों की खरीद-फरोक्त करने वालों व उद्घोषित/जमानत तर्क, अति वांछित अपराधियों पैरोल जंपर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि जिला के साथ लगती उत्तर प्रदेश सीमा पर पूरी चौकसी बरते। सनौली यमुना पुल व खोजकीपुर यमुना पुल इंटर स्टेट नाका पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों तथा व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें।

आदतन अपराधियों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण रुप से करवाना पुलिस का दायित्व है। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब, उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार,सभी थाना प्रभारी, काइम युनिट व चौकी इंजार्च मौजूद रहे।

## मनोहर जैसा त्याग कोई संत ही कर सकता है : सुभाष चंद्र

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल लोकसभा** के विशेष संपर्क प्रमुख सुभाष चंद्र ने कहा कि मनोहर कार्य हरियाणा के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेंगे। मनोहर लाल ने बड़ा त्याग करते हुए अपनी कुर्सी पर एक ऐसे सामान्य व पिछड़ा वर्ग के उस कार्यकर्ता को बिठाया है, जो निचले पायदान से उठकर आया है। उन्होंने बताया कि मनोहर लाल ने बिना भेदभाव के हरियाणा का जो सम्रग विकास किया उसे हरियाणा के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। अपने विधायक पद को छोड? के बावजूद उन्होंने करनाल को नही



छोड़ा तथा एक बार फिर करनाल लोकसभा के माध्यम से करनाल और हरियाणा प्रदेश की सेवा करने का संकल्प लिया है। करनाल फिर से सीएम सिटी बनी रहे और यहां विकास कार्यों की रफ्तार धीमी ना हो इसके लिए उन्होंने अपनी सीट पर नायब सिंह सैनी जैसे ईमानदार, सरल व सीधे स्वभाव के नेता को उतारा है। सुभाष चंद्र ने कहा है कि मनोहर लाल ने केवल नायब सैनी जैसे सामान्य कार्यकर्ता को ही आगे नहीं बढ़ाया, बल्कि मेरे जैसे अनेक सामान्य गरीब व्यक्ति को भी सरकार में महत्वपूर्ण दायित्व देकर दलित समाज का सम्मान बढ़ाया है। वास्तव में उन्हें अंत्योदय का अग्रदूत कहा जाए तो गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा के मुकाबले में कोई विपक्षी पार्टी दिखाई नहीं देती।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट में पतंजलि

**योग** गुरु के रूप में मिली लोकप्रियता के सहारे आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण एवं बिक्री का पतंजलि के नाम से बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा करने वाले बाबा रामदेव तथा उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने कानून के महत्व तथा ताकत का एहसास कराया। शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दायर एक मामले की सुनवाई के दौरान उनके द्वारा कोर्ट के आदेशों की अवहेलना के लिये जमकर फटकार तो लगाई ही, उन्हें इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहने को भी कहा। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि उनके खिलाफ झूठी गवाही का मामला भी बनता है। अदालत ने केन्द्र को भी नहीं बख्शा जो पतंजलि के झूठे विज्ञापनों की ओर से आंखें बंद किये बैठी रही। सुप्रीम कोर्ट का लहजा इतना सख्त था कि भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में बढ़े रामदेव एवं बालकृष्ण दोनों ही माफी मांगते नजर आये। मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से पिछले वर्ष एक याचिका दायर की गई थी जिसमें पतंजलि के इस दावे को गलत बताया था कि योग अस्थमा व डायबिटीज को पूरी तरह से ठीक कर सकता है। इसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को निर्देश दिया था कि वह कोई भी भ्रामक विज्ञापन प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित न करे। नवम्बर, 2023 में पतंजलि की ओर से दायर शपथ पत्र में ऐसा करने का आश्वासन दिये जाने के बावजूद कंपनी की ओर से विज्ञापन दिये जाते रहे। उस सुनवाई में कंपनी के वकील द्वारा भी निदेर्शों के पालन का भरोसा जताया गया था। इतना ही नहीं, रामदेव-बालकृष्ण की ओर से इस विषय पर प्रेस कांफ्रेंस भी की गई। यह बात कोर्ट के संज्ञान में आई और पतंजलि को जारी नोटिस की मंगलवार को हुई सुनवाई में दोनों को फटकार लगाई गई। कोर्ट ने नाराजगी जतलाई कि एक ओर तो पतंजलि अपने दायर हलफनामे में माफी मांग रही है, वहीं वह भ्रामक विज्ञापन भी जारी कर रही है। इतना ही नहीं, उसकी ओर से मीडिया कांफ्रेंस भी की जाती है। यह माफी मांगने का तरीका बिलकुल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 10 अप्रैल को मुकर्रर की है जिसमें दोनों को फिर से उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही केन्द्र को भी नोटिस जारी की गई है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हिमा कोहली एवं जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस बात पर भी नाराजगी व्यक्त की कि अपने हलफनामा में पतंजलि ने कुछ ऐसे दस्तावेज जोड़े हैं जो सुनवाई के बाद की तारीखों के हैं। इसलिये इसे झूठी गवाही और गलत हलफनामा दायर करने का भी मामला बतलाते हुए दोनों को आगाह किया कि वे इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। देखना यह है कि आगामी सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला लेता है। अपने हलफनामे में पतंजलि के इस कथन से भी कोर्ट नाराज था जिसमें कहा गया था कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स (मैजिक रेमेडीज) एक्ट काफी पुराना हो गया है। इसे लेकर भी कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की कि हर विद्यमान कानून का सम्मान होना चाहिये, चाहे वह किसी भी अदालत का हो। न्यायालय ने कहा कि दोनों ने (रामदेव-बालकृष्ण) हर सीमा लांघ दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि दोनों को अदालत में दिये गये आश्वासनों का पालन करना ही होगा। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी की गाज केन्द्र पर भी गिरी। अदालत ने आश्चर्य जताया कि जब पतंजलि कोविड के दौरान बाजार में यह कह रही थी।

# सवाल महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान का ?

निर्मल रानी

> ऐसी ही एक घटना 23 जुलाई 2022 की है जबकि संसद में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का विदाई समारोह आयोजित हो रहा था। उस विदाई समारोह में प्रथम पंक्ति में बैठे सभी विशिष्ट जनों का अभिवादन करते हुये राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब प्रधानमंत्री मोदी के पास पहुंचे तो वे राष्ट्रपति की ओर देखने के बजाये उनकी अनदेखी करते हुये कैमरे की तरफ देखने लगे जबकि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी की ओर असहज होकर देखते हुये आगे निकल गये। इसी तरह 18 मार्च 2018 की उस घटना में भी राष्ट्रपति कोविंद व उनकी पत्नी का अनादर होते साफ दिखाई दिया था जब वे भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिये पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर गए थे

**भारत के** राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक होते हैं। इस पद पर आसीन व्यक्ति भारतीय गणराज्य का प्रमुख भी होता है। कार्यपालिका का सर्वोच्च पद होने तथा तीनों सेनाओं के प्रमुख होने के नाते भी राष्ट्रपति को देश में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त होता है। परन्तु विगत समय से ऐसी कई घटनायें सामने आईं जिन्हें देखकर यह कहा जा सकता है कि कई बार देश के इस सर्वोच्च पद पर बैठने वाले महामहिम राष्ट्रपति को भी अपमानित करने का दुस्साहस किया गया।

जिन दो महामहिम राष्ट्रपति के अपमान या यथोचित उन्हें सम्मान न दिए जाने की चर्चा रही उनमें एक तो वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं और दूसरे इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद। यह भी एक अजीब संयोग है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जिन्होंने 25 जुलाई, 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की वह महिला होने के साथ साथ आदिवासी समाज से सम्बन्ध रखने वाली पहली राष्ट्रपति भी हैं जबकि इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सम्बन्ध दलित समाज से था।

राजनैतिक हल्कों में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के अपमान की चर्चा आदिवासी व दलित समुदाय के अपमान के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। परन्तु यदि इस 'राजनैतिक ' पहलू को पीछे छोड़ भी दिया जाये तो भी एक राष्ट्रपति के रूप में इन विभूतियों के साथ जो घटनायें घटित हुई हैं वह निश्चित रूप से इस सर्वोच्च गरिमामयी पद पर आसीन व्यक्ति के 'सम्मान' पर प्रश्न चिन्ह जरूर खड़ा करती हैं।

ताजातरीन घटना गत 31 मार्च की ही है जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लालकृष्ण आडवाणी को ह्यभारत रत्नह्न सम्मान देने उनके निवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 10 अन्य विशिष्टजन तथा परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जिस समय लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान से नवाज रही थीं उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा,



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के संगठन मंत्री बीएल संतोष तथा पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर लिये गये जो चार चित्र राष्ट्रपति भवन की ओर से एक्स पर पोस्ट किये गये उनमें से एक चित्र में साफ दिखाई दे रहा है कि जिस समय महामहिम राष्ट्रपति मुर्मू खड़े होकर ससम्मान लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान कर रही हैं उस समय लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे हैं और उनके बगल की कुर्सी पर प्रधानमंत्री मोदी भी बैठे हैं और ताली बजा रहे हैं। जबकि सामने की पंक्ति में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित सभी लोग भी बैठे हुये हैं। 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी के न खड़े हो पाने का कारण तो उनकी आयु व उनका खराब स्वास्थ्य माना जा सकता है परन्तु प्रधानमंत्री मोदी व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान में न खड़ा होना आलोचकों के लिये चर्चा का विषय जरूर बना। कुछ लोगों ने तो यहाँ तक आरोप लगाया कि यह सामान्य शिष्टाचार के खिलाफ तो है ही साथ ही जानबूझकर देश की आधी आबादी के साथ ही आदिवासियों को भी अपमानित किये जाने वाली घटना है। मोदी ने गत वर्ष 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन किया था उस समय भी विपक्ष सहित अनेक संगठनों ,राजनेताओं व बुद्धिजीवियों ने कहा था कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा ही कराया जाना चाहिए था न कि प्रधानमंत्री द्वारा। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करना ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयार्दा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होता। इससे पूर्व जब नई संसद भवन का शिलान्यास समारोह हुआ था उसमें भी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आमंत्रित नहीं किया गया था। नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगाते हुये यहां तक कहा था कि 'ऐसा लग रहा है कि मोदी ने दलित और आदिवासी समुदायों से भारत के राष्ट्रपति का चुनाव केवल चुनावी कारणों से सुनिश्चित किया है'। खड़गे ने यह भी कहा था कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय भाजपा-आरएसएस सरकार के तहत प्रतीकवाद तक सिमट गया है। उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कहा था कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री को नहीं बल्कि राष्ट्रपति को करना चाहिए।

ऐसी ही एक घटना 23 जुलाई 2022 की है जबकि संसद में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का विदाई समारोह आयोजित हो रहा था। उस विदाई समारोह में प्रथम पंक्ति में बैठे सभी विशिष्ट जनों का अभिवादन करते हुये राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब प्रधानमंत्री मोदी के पास पहुंचे तो वे राष्ट्रपति की ओर देखने के बजाये उनकी अनदेखी करते हुये कैमरे की तरफ देखने लगे जबकि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी की ओर असहज होकर देखते हुये आगे निकल गये। इसी तरह 18 मार्च 2018 की उस घटना में भी राष्ट्रपति कोविंद व उनकी पत्नी का अनादर होते साफ दिखाई दिया था जब वे भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिये पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर गए थे। महामहिम राष्ट्रपति जब प्रभु जगन्नाथ के विराजमान होने वाले 'रत्न सिंहासन' पर माथा टेकने गए तो वहाँ उपस्थित मंदिर सेवकों ने उनके लिए रास्ता नहीं छोड़ा। आरोप यह भी था कि जब राष्ट्रपति और उनकी पत्नी दर्शन कर रहे थे उस समय कुछ सेवादारों ने कथित रूप से दोनों को कोहनी भी मारी। कुछ सेवक/पंडे महामहिम राष्ट्रपति के शरीर से भी चिपक रहे थे।

यहाँ तक कि महामहिम राष्ट्रपति की पत्नी, जो भारत की 'फर्स्ट लेडी' हैं जानबूझकर कुछ पंडे उनके सामने भी आ गए थे।

इस घटना को लेकर राष्ट्रपति भवन की ओर से असंतोष भी व्यक्त किया गया था। " उस समय भी राष्ट्रपति व उनकी पत्नी से दुर्व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

उसी समय यह खबर भी आई थी कि राष्ट्रपति ने पुरी छोड़ने से पहले ही वहां के तत्कालीन ज़िलाधीश अरविंद अग्रवाल से इस घटना के बारे में अपना असंतोष भी जाहिर कर दिया था। परन्तु राष्ट्रपति व उनकी पत्नी के निरादर की बात करना,दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करना या उस पर खेद जताना तो दूर उल्टे उनके जाने के कुछ ही देर बाद एक सेवायत ने मीडिया के सामने इस बात को लेकर शिकायत जरूर दर्ज कराई कि राष्ट्रपति की ओर से उन्हें 'एक रुपया' भी दक्षिणा नहीं दी गयी। इस तरह की शर्मानक घटनायें निश्चित रूप से महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान को लेकर सवाल जरूर खड़ा करती हैं।

## कविता

संजीव-नी।

अच्छी नियत साफ इरादे रखिए जनाब।

जिंदगी के हर पल चमकदार नहीं होते,
जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं होते।

ईमान और पसीने से बनती है जिंदगी,
बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं होते।

अच्छी नियत और साफ इरादे रखिए,
आस्तीन के सांप वफादार नहीं होते ।

गर नमक खाया वतन का तो अदा कर,
नमक हराम कभी अच्छे पहरेदार नहीं होते

जख्म पर अपने मरहम की उम्मीद मत कर,
हर उठे हुए हाथ मददगार नहीं होते '

जमाने की चकाचौंध से फिसल मत जाना
संजीव,
सफेद लिबास में हर कोई ईमानदार नहीं होते'

संजीव

# बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से पड़ी फटकार

**पतंजलि** पर आयुर्वेदिक उत्पादों के प्रचार के लिए आधुनिक चिकित्सा की छवि खराब करने वाले भ्रामक विज्ञापन चलाने पर मुकदमा चल रहा है. अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण की क्षमा प्रार्थना अस्वीकार करते हुए कंपनी को फटकार लगाई है. सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को कहा कि वह अदालत की अवमानना के मामले में पतंजलि के सह-संस्थापक बाबा रामदेव और प्रबंधक निदेशक आचार्य बालकृष्ण की क्षमा प्रार्थना को अस्वीकार कर सकती है. पतंजलि और इन दोनों पर भ्रामक प्रचार चलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप हैं. न्यायमूर्ति हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने फटकार लगाते हुए कंपनी के रवैये की कड़े शब्दों में निंदा की. जजों ने यहां तक कहा कि पतंजलि अदालत में झूठी गवाही देने की भी दोषी प्रतीत हो रही है. सॉलिसिटर जनरल के हस्तक्षेप पर अदालत ने पतंजलि को एक हफ्ते का अतिरिक्त समय दिया.

**क्या है मामला**

मूल मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर की गई एक याचिका से जुड़ा है. इसमें आईएमए ने आरोप लगाया था कि पतंजलि और रामदेव ने कोविड-19 टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ विज्ञापन अभियान चलाया था. नवंबर 2023 में अदालत ने बीमारियों का समूचा इलाज करने वाली दवाओं के झूठे दावों पर प्रति शिकायत पतंजलि के ऊपर एक करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने की चेतावनी दी थी. यह भी आदेश दिया था कि कंपनी भविष्य में झूठे विज्ञापन ना निकाले. इस आदेश के बावजूद पतंजलि ने फिर से ऐसे विज्ञापन निकाले, जिसके बाद अदालत ने ऐसे विज्ञापनों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया. साथ ही, पतंजलि और बालकृष्ण के नाम अवमानना के नोटिस जारी कर दिए. अवमानना के मामले में जब कंपनी ने अपना जवाब अदालत में दाखिल नहीं किया, तो 19 मार्च को कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया. इसके बाद 21 मार्च को बालकृष्ण ने इन विज्ञापनों के लिए अदालत में हलफनामा दाखिल कर बिना शर्त माफी मांगी. कंपनी ने यह दलील दी कि वह कानून के शासन का पूरा आदर करती है, लेकिन उसके मीडिया विभाग को विज्ञापन रोकने के अदालती आदेश की जानकारी नहीं थी. सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को ठुकरा दिया और कहा, "अवमानना के मामलों में इस तरह का सलूक नहीं किया जाता है. कुछ मामलों को उनकी तार्किक परिणति तक ले ही जाना पड़ता है. इतनी दरियादिली नहीं दिखाई जा सकती."

**सरकार को भी फटकार**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय पर भी इस मामले में कोई कदम नहीं उठाने के लिए नाराजगी जताई. पीठ ने कहा कि कोविड के दौरान 2022 में खुद मंत्रालय ने कहा था कि पतंजलि के उत्पाद महामारी के खिलाफ आधुनिक दवाइयों के सप्लीमेंट से ज्यादा कुछ नहीं हैं.

## विचार

# चांद के लिए भी स्टैंडर्ड टाइम तय करेगी नासा

**अमेरिका** की सरकार ने अपनी अंतरिक्ष एजेंसी नासा से कहा है कि वह चांद और अन्य आसमानी जगहों के लिए भी एक स्टैंडर्ड टाइम बनाए. यानी अब चांद का अपना मानक समय होगा. व्हाइट हाउस ने नासा के वैज्ञानिकों से कहा है कि चांद की घड़ी का समय तय किया जाए. धरती के इस उपग्रह पर पहुंचने की तेज होती होड़ के बीच 2026 तक यह समय तय करने के लिए कहा गया है, जिसे कोऑर्डिनेटेड लूनर टाइम (एलटीसी) कहा जाएगा. समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक एक्सक्लूसिव खबर के मुताबिक व्हाइट हाउस के विज्ञान और तकनीकी नीति विभाग (ओएसटीपी) की ओर से एक नोटिस जारी किया गया है. इसमें नासा से कहा गया है कि सरकार के अन्य संबंधित मंत्रालयों के साथ मिलकर 2026 तक एलटीसी के लिए एक योजना बनाई जाए।

**चांद और धरती की घड़ी अलग**

एलटीसी एक मानक समय होगा जो चांद पर जाने वाले उपग्रहों और यानों के लिए मानक समय तय करेगा प्रक्षेपण के लिए एकदम सटीक समय की जरूरत होती है. ओएसटीपी की प्रमुख आरती प्रभाकर की ओर से जारी इस नोटिस में कहा गया है कि चांद पर खड़े किसी व्यक्ति के लिए धरती के समय पर आधारित घड़ी में हर रोज 58.7 सेकेंड का अंतर आ जाएगा. इसलिए धरती और चांद का समय एक जैसा नहीं होगा.

चांद पर टाइम धरती जैसा नहीं हो सकता क्योंकि वहां गुरुत्वाकर्षण और अन्य कई कुदरती प्रभाव अलग तरह से काम करते हैं. इसलिए जैसे धरती पर वक्त गुजरता है, वैसे चांद पर नहीं होता. नासा के स्पेस कम्यूनिकेशंस और नेविगेशन चीफ केविन कॉगिन्स ने एक इंटरव्यू में कहा, "जो घड़ी हम धरती पर इस्तेमाल करते हैं, वह चांद पर अलग गति से चलेगी. कॉगिन्स ने कहा, "वॉशिंगटन में यूएस नेवल ऑब्जरवेटरी में रखी एटॉमिक घड़ी के बारे में सोचिए. वह देश की धड़कन है, जिसके हिसाब से सब कुछ चलता है. आपको चांद क लिए भी एक ऐसी ही धड़कन चाहिए.ह्व नासा आने वाले सालों में चांद पर मानव बस्ती बनाने की दिशा में काम कर रही है. अपने आर्टेमिस मिशन के तहत जल्दी ही वह इंसान को चांद पर भेजने की तैयारी में है. नासा का मकसद वहां एक अड्डा बनाना है जहां से मंगल पर अभियान भेजे जा सकेंगे. इसके अलावा दर्जनों देश और निजी कंपनियां भी चांद पर पहुंचने की इस होड़ में शामिल हो चुके हैं, जिनमें भारत भी शामिल है जिसने पिछले साल अपना चंद्रयानचांद पर उतारा था.

**चांद पर एटॉमिक घड़ी**

ओएसटीपी के एक अधिकारी ने कहा कि एक मानक समय के बिना अंतरिक्ष यानों के बीच डेटा का लेन-देन और पृथ्वी, चांद का चक्कर लगाते उपग्रहों व अंतरिक्ष यात्रियों के बीच संवाद में मुश्किलें आ सकती हैं. टाइम के ऊपर-नीचे होने के कारण चांद पर या उसके आस-पास मौजूद उपग्रहों की स्थिति का पता लगाने में भी गड़बड़ियां हो सकती हैं. इस अधिकारी ने कहा, "कल्पना कीजिए कि अगर दुनिया की घड़ियों में एक दूसरे के साथ तालमेल ना होता और वे एक वक्त पर एक ही जैसा टाइम ना दिखातीं तो जिंदगी कितनी चुनौतीपूर्ण हो जाती. पृथ्वी पर अधिकतर घड़ियां और टाइमजोन कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम (यूटीसी) के आधार पर काम करते हैं. यह एक अंतरराष्ट्रीय मानक समय है जो दुनियाभर में कई जगहों पर रखीं एटॉमिक घड़ियों के आधार पर काम करता है. वे अपनी-अपनी जगह पर अणुओं की गति में होने वाले बदलाव को आंकती हैं और उनके औसत के आधार पर एक मानक समय बताती हैं. ओएसटीपी के मुताबिक एलटीसी को तय करने में यूटीसी को आधार बनाया जा सकता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने पूरी दुनिया का मानक समय तय किया है. ओएसटीपी के मुताबिक चांद पर भी एटॉमिक घड़ियां स्थापित करने की जरूरत हो सकती है. इसके अलावा जिस गति से चांद पर व्यवसायिक गतिविधियां तेज हो रही हैं, उसके लिए भी एक मानक समय की जरूरत हो सकती है ताकि धन और सामान के लेन-देन में किसी तरह की मुश्किल ना हो।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ड्रग से बृहद रूप से शारीरिक, आर्थिक क्षति

**नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन**, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ हैदेश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिऐ मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रे-केट हाथ लगा।

## आठवाँ अजूबा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** प्रोफेसर साहब कुछ ढूँढ़ने की कोशिश कर रहे थे। तभी उनका छात्र आया और उसने कहा - सर जी बड़ी देर से आप क्या ढूँढ़ रहे हैं? कहें तो आपकी मदद कर दूँ? बिना स्वार्थ के बेटा बाप तक को नहीं पूछता है ऐसे में कोई सामने से आकर सहायता के लिए हाथ बटाए तो किसे अच्छा नहीं लगता। सहायता की पेशकश करने वाले छात्र की बातें सुनकर प्रोफेसर साहब की आँखें चमक उठीं। उन्हें लगा कि कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे लोग अभी मरे नहीं हैं। अभी भी लोगों में ढूँढ़ने की थोड़ी-बहुत इच्छाशक्ति बची हुई है। प्रोफेसर साहब इससे पहले कुछ बोलते कि वे ठिठक कर रह गए। उन्होंने कहा झ्र शायद यह काम तुमसे न हो पाएगा। तुम रहने ही दो। अब भला कोई किसी के अहं पर चोट कर दे और सामने वाला चुप रह जाए यह इंसानी प्रवृत्ति का परिहास नहीं तो और क्या है। छात्र बोला झ्र सर जी आपको मेरी सहायता नहीं लेनी हो तो कोई बात नहीं, लेकिन मुझसे न हो पाएगा जैसी बातें मत करें। प्रोफेसर साहब को लगा जब छात्र इतना कह रहा है तो उसे भी ढूँढने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा झ्र मैं जनसागर में डूब गए इंसान की खोज में लगा हूँ जिसके गायब हो जाने से धरती एकदम सूनी सी लग रही है। वह मुर्गीपालन केंद्र में मुर्गियों की तरह कांक्रीट के बड़े-बड़े भवनों में कहीं छिपकर बैठा है। कांक्रीट के भवनों की छाया से आसपास में कुकुरमुत्तों की तरह उभर आयी झोपड़ियों के इंसान भी गायब-गायब हैं। कोई इंसान कैब ड्राइवर बन फरार है, तो कोई कूरियर ब्वाय धरती को थैले में भरकर अडम स्मिथ के इच्छा अनंत कथनानुपालकों तक पहुँचाने में दौड़े जा रहा है। इंसान अब हर काम उंगलियों पर कर लेता है। इसीलिए अगुलीमालों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर की चकाचौंध में मजदूरों की खोई मेहनत को ढूँढ़ रहा हूँ। मैं ढूँढ़ रहा हूँ भूगोल की पुस्तकों में खेती करने वाले किसानों की मेहनत को। मैं ढूँढ़ रहा हूँ उस जमीन को जिसे चंद मतलबी बादलों ने ढक दिया है। मैं नेताओं के टोलमटोल बातों में फंसकर एक-दूसरे का गला काटने वाले इंसानों की मारी गयी मति को ढूँढ़ रहा हूँ। उदासी के कोने में सिसिया रही मूकता तो शब्दों के होते हुए भी लिपि हीन बनकर रह गए निशब्दों को ढूँढ़ रहा हूँ। क्या तुम मेरे लिए इन सबको ढूँढ़कर ला सकते हो?

## न्यूज फ्लैश

### चेक बाउंस के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सजा।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चैक वाउंस के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट छाता सुमित कुमार यादव ने दोषी को एक साल एक महीने की सजा व 13 लाख 45 हजार रुपये का अर्थदंड जमा कराये जाने के आदेश दिये हैं। उक्त मुकदमे के बारे में वादी अब्दुल्ला जावेद अली निवासी दौताना की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता महिपाल सिंह सिसौदिया ने बताया की उनके मुवक्कील ने कल्लू खान के खिलाफ एक वाद अपरिक्राम्य अधिनियम धारा 138 के अंतर्गत न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसमें दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त कल्लू खान को दोषी पाते हुए न्यायालय ने दोष सिद्ध किया तथा अभियुक्त कल्लू खान को एक साल एक महीने के कारावास तथा तेरह लाख पैंतालिस लाख रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण समिति करेगी जब्ती मामलों की निगरानी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण मुन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन व्यय अनुश्रवण के लिए जिला शिकायत समिति का गठित किया गया है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी, नोडल प्रभारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण समिति में रहेंगे। इस समिति में पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल या उड़न दस्ते द्वारा की गई जब्ती के प्रत्येक मामले की अपनी ओर से जांच करेगी तथा जहां समिति यह पाती है कि मानक प्रचलन प्रकिया के अनुसार जब्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी, शिकायत दर्ज नहीं की गयी है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुडी हुई नहीं है। वह ऐसे व्यक्तियों को जिनसे नकदी जब्त की गई थी, रिलीज आदेश जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाएगी। समिति सभी मामलों का अवलोकन करेगी तथा जब्ती पर निर्णय लेगी। व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी द्वारा नकदी रिलीज करने के संबंध में सभी प्रकार की सूचना का एक रजिस्टर का भी रख रखाव किया जाएगा। यदि रिलीज की गई नकदी 10 लाख से अधिक है, तो रिलीज किए जाने के पहले आयकर के नोडल अधिकारी को सूचित किया जाएगा। उड़न दस्तें, एसएसटी या पुलिस प्राधिकारियों द्वारा की गई नकदी आदि की जब्ती के सभी मामले जिलें में गठित जिला शिकायत समिति के ध्यान में लाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेश के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए समिति द्वारा नियमित रूप से 24 घंटे में एक बार अपने निर्धारित स्थान एवं समय पर बैठक भी करेगी।

### जीन्द पुलिस का नशा तस्करों पर लगातार प्रहार जारी।

**जीन्द /टीम एक्शन इंडिया**
सीआईए जीन्द ने अमरहेड़ी के पास से दो नशा तस्करों को काबू करके 350 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस अधीक्षक जीन्द सुमित कुमार द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान उनके मार्गदर्शन में कार्य करते हुए सीआईए स्टाफ जीन्द इंचार्ज मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दो नशा तस्करों को काबू करने में कामयाबी मिली है। पकडे गये आरोपियों की पहचान बिजेन्द्र वासी लोहचब व महेन्द्र वासी भम्भेवा के रूप में हुई है।
जानकारी देते हुए सीआईए स्टाफ इंचार्ज मनीष कुमार ने बताया कि सीआईए स्टाफ की टीम को गुप्त सूचना मिली कि बिजेन्द्र वासी लोहचब व महेन्द्र वासी भम्भेवा नशीला पदार्थ बेचने का काम करते है। इस समय काफी मात्रा में नशीला पदार्थ लिये हुए जीन्द से कैथल रोड़ बाईपास पुल अमरहेड़ी के पास नया बस अड्डा जीन्द की तरफ जाने वाली सड़क सर्विस रोड़ पर खड़े हुए है। जिस सूचना पर टीम द्वारा रैंडिग पार्टी तैयार करके अमरहेड़ी बाईपास पुल के पास बस अड्डा जीन्द जाने वाले सर्विस रोड़ के नजदीक पहुंचे तो सर्विस रोड़ पर गुप्त सूचना अनुसार दो व्यक्ति खड़े दिखाई दिये। सामने पुलिस की गाड़ी को आता देखकर तेज-तेज कदमों से बस अड्डा जीन्द की तरफ जाने लगे। जिनको टीम ने तत्परता दिखाते हुए काबू किया अभियुक्तों की तलाशी के लिए राजपत्रित अधिकारी बलराम जाखड़ नायब तहसीलदार जीन्द को मौके पर बुलाया गया जिसने दोनो आरोपियों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बिजेन्द्र उर्फ मनियारा की तलाशी ली गई उसकी पहनी पैंट की जेब से एक काले रंग को मोमी पोलीथीन बरामद हुआ। जिसे खोलकर चैक किया तो उसमें चरस(सुल्फा) बरामद हुआ जिसका वजन 100 ग्राम मिला व महेन्द्र की तलाशी के दौरान उसके पास से 250 ग्राम चरस(सुल्फा) बरामद हुआ।

# मैं आप लोगों का भाई पहले, मुख्यमंत्री बाद में हूं: नायब सैनी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
यमुनानगर की छछरौली विजय संकल्प रैली एवं अपने अभिनंदन समारोह में उमड़े जनसैलाब के बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं आप लोगों का भाई पहले हूं और मुख्यमंत्री बाद में हूं। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने विपक्ष को घमंडिया गठबंधन कहकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए घमंडिया गठबंधन के पास ना नीति है, ना नीयत है और ना ही नेतृत्व है। श्री सैनी ने कहा कि



भाजपा के पास राष्ट्र को विकसित बनाने की नीति है, मोदी जैसा प्रभावशाली नेतृत्व है और देश को समृद्ध करने के लिए साफ नीयत है। जबकि कांग्रेस का लक्ष्य झूठ और भ्रम फैलाकर सत्ता प्राप्ति करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से सेवा करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील भी की।
कार्यक्रम में बोलते हुए कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष हमलावर रहे।बुधवार को यमुनानगर की छछरौली अनाज मंडी में आयोजित समारोह में पहुंचने पर नायब सैनी का भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी पहनाकर व गदा भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर आढ़तियों ने नायब सैनी को भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेंट की और सैनी समाज ने भी फूल मालाओं से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। स्वागत से गदगद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मैं आप लोगों का भाई पहले हूं और मुख्यमंत्री बाद में। उन्होंने कहा कि यह सम्मान आप सभी का सम्मान है।
उन्होंने कहा कि मैं आपके सम्मान की सदा रक्षा करूंगा।
सीएम नायब सैनी ने कहा कि मोदी और डबल इंजन की सरकार ने 10 वर्षों में लाजवाब काम किए हैं। भाजपा ने जो कहा वह समय पर करके दिखाया है। कांग्रेस की कार्यशैली पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठी घोषणा करके लोगों से वोट ले लेते थे, लेकिन कांग्रेस के तीन-तीन कार्यकालों में भी लोगों के काम नहीं होते थे। चुनाव दर चुनाव

## यमुना शुद्धिकरण भाजपा की प्राथमिकताः हेमा मालिनी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी द्वारा बुधवार को विश्राम घाट पर यमुना पूजन किया।
प्रथम चरण में मथुरा लोकसभा सीट पर होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन का आखिरी दिन है। जैसा कि बताया जा रहा है सुबह नामांकन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। हेमा मालिनी ने कहा कि यमुना शुद्धिकरण का विषय भाजपा के लिए हमेशा प्राथमिकता में रहा है। यमुना जी को शुद्ध करने के लिए पिछले 10 वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं। अभी इसके लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हेमा मालिनी ने कहा कि उनके आगामी कार्यकाल में यमुना जी प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त होंगी और जिन विकास कार्यों की मांग जनता करेगी वह प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे।

## हाईवे पर दौड़ती कार में लगी आग



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैत के नजदीक हाइवे पर दिल्ली से धौलपुर जाते समय एक कार में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। कार सवारों ने गाड़ी से निकलकर अपनी जान बचाई। समय रहते जैत पुलिस ने कार में लगी आग पर काबू पा लिया। कार सवार आदित्य निवासी संगम विहार दिल्ली ने बताया कि वह अपने भाई और बहन के साथ दिल्ली से धौलपुर जा रहा था। थाना जैंत क्षेत्र में हाईवे पर पहले गाड़ी के ब्रेक फेल हुए, उसने गाड़ी साइड में रोक कर बोनट खोलकर चैक किया तो शॉर्ट सर्किट होने के चलते कार ने आग पकड़ ली। कार में बैठे भाई बहन को जल्दी बाहर निकलने को कहा।
कार से धुआं उठता देख स्थानी लोग मौके पर पहुँच गए। लोगों ने जैत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही आग ने विकराल रूप धारण नहीं किया। कार का इंजन वाला कुछ हिस्सा ही जला उससे पहले आग को बुझा दिया गया।

## डाइट प्रशिक्षुओ ने किया सेल्फी प्वाइंट मेकिंग कंपटीशन में प्रतिभाग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्वीप के नोडल अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में जिला मास्टर ट्रेनर द्वारा जनपद के समस्त विद्यालयों व महाविद्यालयों में लोकतंत्र की दीवार, दीवार पत्रिका, लोकतंत्र कमरा आदि का निर्माण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में डायट प्राचार्य डॉ. राजेंद्र बाबू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण द्वारा लोकतंत्र की दीवार तथा लोकतंत्र कक्ष के निर्माण के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभा किया। विद्यार्थियों द्वारा बेहद खूबसूरत सेल्फी प्वाइंट बनाए गए।

## स्थानीय और बाहरी के मुद्दे पर लड़ूंगा चुनावः सुरेश सिंह

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा की नगरी में लोकसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि वह स्थानीय और बाहरी के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे। बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करने से पहले बसपा लोकसभा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में अपने सैकड़ों कार्यकताओं सहित गिर्राज महाराज की पूजा अर्चना कर जीत का आशीर्वाद मांगा। पत्रकारों से बात करते हुए सुरेश सिंह ने कहा कि सिने अभिनेत्री अपने 10 साल के कार्यकाल में आज तक ब्रज के और मथुरा क्षेत्र के विकास के लिए कोई खास योजना नहीं बना



पाई हैं। धरातल पर उतरने की बात तो बहुत दूर है। आज तक यमुना का शुद्धिकरण नहीं हो पाया है। मैं भी पूर्व में आरएसएस का कार्यकरता रह चुका हूं लेकिन अब बसपा के टिकट पर जनता की सेवा के लिए आपके बीच आया हूं और मेरा मुख्य मुद्दा भी बाहरी और स्थानीय का रहेगा। मथुरा की जनता बाहरी लोगों पर भरोसा करके बार बार अपने आप को ठगा महसूस करती आई है। इस बार अपने लोकल प्रत्याशी पर भरोसा करना चाहिए और अपने इस बेटे को जिताकर अगर सांसद बनाएंगे तो मैं वादा करता हूं कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा।

## भाजपा देश का प्रजातंत्र और संविधान को खत्म करने में लगीः डॉ. सुशील गुप्ता

**चुनावी यात्रा**

**8 जनता और इंडिया गठबंधन साथ मिलकर बीजेपी को हराने का काम करेंगे: डॉ. सुशील गुप्ता**

**रादौर/यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने रादौर विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। उनके साथ विधायक बिशनलाल सैनी, उनके पुत्र विशाल सैनी, आदर्शपाल सिंह, करमबीर बुट्टर, गगनदीप



सिंह, संग्राम राणा, उमेश कंबोज, कर्म सिंह राणा, गुलजार भागुमाजरा, महिपाल राणा, रणधीर अलीपुरा, अमनदीप, अर्जुन गुज्जर व अमन शर्मा मौजूद रहे।
डॉ. सुशील गुप्ता ने अपनी चुनावी यात्रा गांव गुमथला से शुरू की। इसके बाद वे गांव संधाला में लोगों से मिले। वहां से संधाली में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव मंधार में पहुंचे। यहां से गांव कण्डरौली, राझेड़ी और ठसका पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।
डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा देश का प्रजातंत्र और बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने में लगी है। सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को खत्म करने का काम करने में लगी है। इस चुनाव में बीच में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया, ताकि वे लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकें। इस चुनाव में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया ताकि वे लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकें। इस चुनाव के बीच में कांग्रेस पार्टी के बैंक अकाउंट सीज कर दिए गए। आज तक हिंदुस्तान में ऐसा नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि जब कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ, तब कोरवों की विशाल सेना थी, जबकि पांडवों के साथ भगवान श्रीकृष्ण थे। ऐसा ही हमारे साथ है, बीजेपी अपने तमाम हथकंडे अपना रही है, लेकिन हमारे साथ सच्चाई और ईमानदारी है। भगवान श्रीकृष्ण हमारे साथ है। कुरुक्षेत्र के चुनाव में इंडिया गठबंधन के सामने भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी। जनता और इंडिया गठबंधन साथ मिलकर बीजेपी को हराने का काम करेगा।

## दशक से न्याय के लिए भटकता दलित, जमीन कब्जा मुक्त करा दो

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा** :जनपद में भू माफिया जमीनों पर अवैध कब्जा जमाए रखे हुए हैं सरकार के सख्त रवैया के चलते ठेंगा दिखा रहे हैं। सरकार की मंशा है जनपद में अवैध कब्जे सभी मुक्त किए जाएं
मिली जानकारी के अनुसार लख्खो पुत्र राम सिंह निवासी रोसू गढी तहसील सदर एवं ब्लॉक फरह का रहने वाला है। लख्खो ने बताया हमारे गांव के मौजा में गाटा संख्या 281/7 रकबा 0.655 हेक्टेयर मेरी जमीन है जो सरकार द्वारा मुझे पट्टे पर मिली है। हमारे गांव के पास सन 2016 में पूर्व सरकार के समय हाईवे के पास वीडी अग्रवाल ने ब्रजभूमि टाउनशिप के नाम से एक कॉलोनी विकसित की थी उसी समय के दौरान बड़ी चालाकी के साथ मेरी जमीन गाटा संख्या 281 / 7 को भी जबरदस्ती कब्जा कर लिया मुझे मुझे थाने में बंद करा दिया। पुलिस ने बुरी तरह से पिटा। मैं जब छूट कर आया तो मैंने अपनी जमीन जोतने की कोशिश की मुझे मारपीट कर भगा दिया और मेरी जमीन को। अपनी ही जमीन में जोड़ दिया। मैंने 2016 से आज तके अधिकारियों की ऑफिसों के चक्कर काट रहा हूं लेकिन कोई न्याय नहीं मिला।
मैंने बड़ी विश्वास के साथ 24 जून 2023 को मुख्यमंत्री के जनता दरबार में गया तो मुख्यमंत्री ने पूर्ण आश्वासन देकर भेजा आपका 15 दिन में जमीन का निस्तारण करा देंगे। मेरी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय से एसएसपी मथुरा से होकर थाना फरह पहुंची , पुलिस ने जांच कर लीपापोती करते हुए विपक्षी पार्टी बी डी अग्रवाल को राहत देते हुए राजस्व का रोना रोते हुए शिकायत का निस्तारण कर दिया। फिर दुबारा मुख्यमंत्री दरबार में मिला, लेकिन न्याय नहीं मिला।

## घर से 538 लीटर देशी व विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**राजगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
माचलपुर थाना पुलिस ने ग्राम कोड़क्या में मंगलवार की रात दबिश देकर कमल बागरी के घर से 538 लीटर देशी व विदेश शराब जब्त की,
जिसकी कीमत दो लाख 880 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।
पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बीती रात ग्राम कोड़क्या में दबिश देकर कमल बागरी के घर से 538 लीटर देशी व विदेशी शराब जब्त की, जिसमें सफेद प्लेन शराब 328 लीटर, सुपर देशी शराब 43.2 लीटर, बीअर पावरकूल 78 लीटर, हंटर बीअर 39 लीटर, ब्लूचीफ कंपनी की बीअर एक पेटी, पावरकूल केन दो पेटी, व्हीस्की एक पेटी, एक पेटी रम की है, जिसकी कुल कीमत दो लाख 880 रुपए है।

## बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने समर्थकों के साथ किया नामांकन

**नामांकन**

**8 -बसपा प्रत्याशी स्सुरेश सिंह बोले स्थानीय हूं, जनता के बीच रह कर करूंगा सेवा**

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।/टीम एक्शन इंडिया**
बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह चौधरी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया, उनके साथ मांट विधान सभा से नौ बार के विधायक रह चुके विधायक श्याम सुंदर शर्मा साथ मौजूद रहे। बसपा ने अपना प्रत्याशी बदलकर पूर्व



आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। 62 वर्षीय सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय में सहायक निदेशक रहे और कुछ दिन सीबीआइ में भी तैनात रहे। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले सुरेश सिंह की पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की रही और संघ में भी उनकी काफी मजबूत पकड़ रही। विहिप के भी वह पदाधिकारी रहे। मीडिया से रूबरू होते हुए सुरेश सिंह ने कहा कि मेरी प्राथमिकता रहेगी कि मैं ब्रज में विकास कार्य करूं और ज्यादा से ज्यादा समय मेरा जनता के बीच गुजरे, जो भी समस्या हैं उनका समाधान करा सकूं। मैं चाहता हूं कि अबकी बार जनता मुझे सेवा का मौका दे। बाहर के लोगों से मथुरा की जनता त्रस्त है, मथुरा की जनता भी चाहती है कि अबकी बार अपने ही मथुरा का कोई व्यक्ति चुनाव लड़े और जीते, मैं बाहर का नहीं हूं मथुरा का ही रहने वाला हूं, और इसका फायदा मुझे मिलने वाला है। जनता के बीच रह कर सेवा करूंगा। सुरेश सिंह के समर्थक बुधवार की सुबह हाइवे स्थित कैंप कार्यालय पर एकजुट हुए।

## सरकार की गलत नीतियों से गांव स्तर पर 80 प्रतिशत उद्योग बंद हो चुके हैं: गर्ग

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने व गेहूं खरीद पर आढ़त कम करने के विरोध में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग के नेतृत्व में झज्जर मंडी में जोरदार प्रदर्शन किया गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने पर भारी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश से लगातार व्यापारी पलायन कर रहे है। भाजपा सरकार में आढ़तियों को आढ़त नहीं मिलती, पल्लेदारों को मजदूरी नहीं



मिलती व किसानों को फसल के पूरे भाव नहीं मिलते हैं। जिसके कारण व्यापारी, किसान, मजदूर व आम जनता में इस सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार ने गेहूं व धान पर पिछली खरीद में भी आढ़तियों का कमीशन काट कर काफी कम दिया था और अब सरकार सरसों, कपास, बाजरा, मूंग, चना, सुरजमुखी की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने से व्यापारियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है अगर सरकार ने किसान की फसल आढ़तियों के माध्यम से नहीं खरीदी तो व्यापारी व किसान भाजपा को वोट की चोट से जवाब देगा। भाजपा सरकार ने व्यापारी व आम जनता पर नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता की जेबों में डाका डालने का काम किया है। सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में गांव स्तर पर 80 प्रतिशत छोटे-छोटे उद्योग बंद हो गए हैं। जिसके कारण हरियाणा में लाखों परिवार बेरोजगार हुए हैं जिसके कारण बेरोजगारी बड़ी है। अब सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी मंडी बंद करना चाहती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बड़े-बड़े घराने हरियाणा व पूरे देश में वेयरहाउस व साइलो बनाकर अनाज के व्यापार पर अपना पूरी तरह से कब्जा करना चाहते हैं अगर अनाज के व्यापार पर बड़े घरानों का नियंत्रण हो गया तो आटा, दाल व हर अनाज की कीमतें पहले से दो-तीन गुना ज्यादा हो जाएगी। सरकारी यही चाहती है। इसलिए सरकार सरसों व अन्य अनाज की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं कर रही है। श्री गर्ग ने कहा कि सरकार किसान व आढ़तियों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है जबकि सरकार का पोर्टल काम करता नहीं है। सरकार को अनाज खरीद ऑनलाइन करने की बजाएं ऑफलाइन खरीदनी चाहिए और हर अनाज खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके व्यापारियों को 2.5 प्रतिशत पूरी दामी सरकार को देनी चाहिए। सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने के विरोध में हरियाणा की अनाज मंडियां अलग-अलग समय पर 5 अप्रैल तक व्यापारी प्रदर्शन करेगा।

## आईजी ने बलदेव थाने का किया औचक निरीक्षण

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बलदेव परिसर में आईजी दीपक कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी से थाना संबंधी रिकॉर्ड एवं असलाह की गहनता से जांच की। आईजी दीपक कुमार ने थाना अधिकारी सहित स्टाफ को ग्रामीणों से तालमेल रखने एवं क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ अंकुश लगाने निर्देश दिए दिए। पुलिस स्टाफ की मीटिंग लेकर कहा कि जो भी फरियादी यहां आता है, उनसे सही तरीके से बातचीत कर उनकी फरियाद सुनें।



क्षेत्र में सभी बीट अधिकारियों को एक्टिव रखें, जिससे किसी भी प्रकार की सूचना पर होने वाली घटना दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। इसके लिए पुलिस थाना स्टाफ एवं ग्रामीणों का पुलिस के प्रति अच्छा व्यवहार हो, पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से बड़े से बड़े अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। आईजी दीपक कुमार के साथ इस दौरान एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी महावन भूषण वर्मा, थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार भाटी, व अन्य पुलिस स्टाफ भी साथ रहा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



**फास्ट न्यूज**

### स्कूलों की छुट्टी के दौरान वीआईपी मूवमेंट से बच्चों समेत आमजन को हुई परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल: उच्च न्यायालय बीते वर्ष नगर के विद्यालयों के सुबह खुलने और शाम को छुट्टी के समय वीआईपी मूवमेंट न करने के निर्देश दे चुका है। इसके बावजूद बुधवार को नगर में विद्यालयों की छुट्टी के दौरान वीआईपी मूवमेंट रहा। इससे स्कूलों के बच्चे परेशान रहे। नगर वासियों के अनुसार पुलिस-प्रशासन ने अपराह्न ढाई बजे से साढ़े तीन बजे तक नगर की मॉल रोड में रिक्शों का संचालन रोक दिया। इस कारण नगर के आम लोगों और सैलानियों के साथ ही स्कूलों के बच्चे भी परेशान रहे और बिना रिक्शों के पैदल मॉल रोड पर अपने गंतव्य को जाने को मजबूर रहे। मल्लीताल कोतवाल ने लोगों को कोई असुविधा होने से इंकार करते हुए कहा कि वीआईपी फ्लीट गुजारने के लिये रिक्शों का संचालन रोका गया था।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 को आएंगे लोहाघाट

**टीम एक्शन इंडिया**
चंपावत: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 अप्रैल को चंपावत जिले में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। लोहाघाट रामलीला मैदान में होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर पार्टी ने कमर कस ली है। तीन अप्रैल को पार्टी के कार्यालय में जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा की अध्यक्षता और महामंत्री मुकेश कलखुडिया के संचालन में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। साथ ही छह अप्रैल को होने वाले भाजपा के 44वें स्थापना दिवस की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया गया। लोकसभा सीट के सह प्रभारी दीपक महरा की मौजूदगी में हुई बैठक में दस अप्रैल तक के कार्यक्रम तय किए गए। चंपावत जिले की दोनों विधानसभा सीटों के सभी 344 बूथों पर जाकर लाभार्थियों र संपर्क किया जाएगा। पार्टी ने अल्मोड़ा सीट के उम्मीदवार अजय टम्टा को अधिक से अधिक वोटों से जिताने के लिए काम करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा लोहाघाट सीट के संयोजक पूर्व विधायक पूरन सिंह फरत्याल, प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष रामदत्त जोशी, चंपावत विधानसभा सीट के संयोजक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट शंकर पांडे, प्रभारी मोहित पाठक, भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पूरन, चंपावत के विधायक के प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ नेता गोविंद सामंत, पूर्व सभासद कैलाश पांडे, नंदन तड़ागी, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव पांडे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मुरारी, जिला उपाध्यक्ष कैलाश अधिकारी, मीडिया सह प्रभारी सूरज प्रहरी, कैलाश मेहरा समेत 12 मंडलों के नेता **मौजूद थे।**

### पीएम पर टिप्पणी कांग्रेस को पड़ी भारी

**टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून: लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहली जनसभा रुद्रपुर में हुई, जिस पर कांग्रेस को टिप्पणी करना भारी पड़ गया। दरअसल, भाजपा नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस की सह प्रभारी दीपिका पांडेय को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। दीपिका झारखंड मेहगमा विधानसभा सीट से विधायक हैं।

# विकसित भारत के लिए मोदी को सशक्त करें : सीएम धामी

## सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के मंत्र के साथ हो रहा काम



**टीम एक्शन इंडिया/नई टिहरी**
**टिहरी** लोकसभा की भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के चुनाव प्रचार में घनसाली पंहुचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। उन्होंने सभी लोगों से 19 अप्रैल सुबह जलपान से पहले भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बुधवार को घनसाली पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में जनसभा में कहा है कि इस बार केंद्र में मोदी सरकार हैट्रिक मारने जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के पक्ष में मतदान कर देश के प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखंडी राम भक्त के साथ साथ देश भक्त भी हैं। क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह ने कहा कि देश एवं प्रदेश में हमारी भाजपा सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रही है। जिससे विपक्षी बौखलाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार मोदी सरकार कार्य कर रही है, साथ ही कहा कि नरेंद्र मोदी 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानकर सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम कर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को आश्वस्त किया है कि घनसाली विधानसभा की जनता टिहरी लोकसभा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के पक्ष में 90 प्रतिशत मतदान करेगी।

**अपील**

**8 सभी लोगों से 19 अप्रैल सुबह जलपान से पहले भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की**

## सीएम धामी ने राज्यलक्ष्मी के पक्ष में मतदान की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**भटवाड़ी/उत्तरकाशी:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गंगोत्री विधानसभा के भटवाड़ी पहुंचे और लोगों से टिहरी लोकसभा से उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर यहां आयोजित जनसभा में धामी ने कहा कि कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कुमाऊं मंडल में था। आज आपके बीच हूं और मुझे प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश वाहक के रूप में यहां भेजा और कहा कि "सीमांत ब्लॉक भटवाड़ी के देवतुल्य जनमानस को मेरा प्रणाम जरूर कहना", इसे सुनकर जनसभा स्थल पर भारी जनसमूह में विशेष ऊर्जा दिखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से उत्तराखंड बना है, पहली बार उत्तराखंड वासियों ने भाजपा पर विश्वास कर लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार चुनी है। सांसद रहते हुए राज्य लक्ष्मी शाह ने विकास के कई कामों को अंजाम दिया है। केंद्रीय योजनाओं को क्षेत्र तक पहुंचाने में माला राज्य लक्ष्मी शाह की भूमिका अहम रही है।उन्होंने कहा कि कोविड काल में अस्पतालों तक दवा और वैक्सीन पहुंचाने में सांसद शाह की भूमिका अहम रही। संसदीय क्षेत्र बड़ा होने के कारण भले ही वह लगातार सबसे ना मिल पाई हों, लेकिन केंद्र की योजनाओं को टिहरी संसदीय क्षेत्र में तेजी से उन्होंने पहुंचाया है। विकास के मामले में टिहरी संसदीय क्षेत्र कहीं भी पीछे नहीं है। इसलिए केंद्र में एक सशक्त सरकार के लिए वर्ष 2019 के चुनाव से माला राज्य लक्ष्मी शाह को रिकार्ड मतों से जिताने का काम करें। बुधवार को दयारा बुग्याल सटे नैटिण में हेलीकॉप्टर से पहुंचे मुख्यमंत्री धामी का पर्यटन गांव रैथल में ग्रामीणों ने राज्य पुष्प बुरांश की मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान एवं दयारा पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष मनोज राणा आगामी कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री को रैथल आने का न्यौता भी दिया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जनसभा स्थल भटवाड़ी मुख्य बाजार से रोड़ शो कर रैली निकाली और भाष्करेश्वर मन्दिर भटवाड़ी में जाकर पुजारी महादेव नौटियाल से पुजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर वहां उपस्थित भारी जनसमूह का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक के मांग पर हमने भटवाड़ी गंगोत्री, जोशियाडा में हेलीपैड बनाने की स्वीकृति दी है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का फोकस है कि इस घाटी को पर्यटन और तीर्थाटन से कैसे आगे बढ़ायें इसके लिए हमारे सरकार पूरी तरह से कटिबंध है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से निश्चित आगे बढ़ रहा है।



लोकसभा चुनाव के अंतर्गत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रोड शो कर वोट की अपील करते हुए।

### अनिल बलूनी ने रोड शो कर भाजपा को मतदान करने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**ऋषिकेश:** पौड़ी गढ़वाल लोकसभा उम्मीदवार अनिल बलूनी ने बुधवार को नरेंद्र नगर, यमकेश्वर और तपोवन में जनसंपर्क अभियान करने के उपरांत ढालवाला, ऋषिकेश में आयोजित युवा सम्मेलन में भाग लिया। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास की नीति को आगे बढ़ाते हुए उनके द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को साकार करने की जनता से अपील की। पौड़ी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी ने कहा कि पहली बार मतदान करने वाले सैकड़ों युवाओं ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और विजन से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नरेंद्र नगर के विधायक और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, नलिन भट्ट, विधान सभा संदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की विशिष्ट उपस्थिति रही।

## बारासात में टीएमसी भाजपा के बीच कांटे की टक्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद सभी पार्टियों के उम्मीदवार जोर-जोर से प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले की बारासात लोकसभा सीट कई मायनों में खास है। भारत-बांग्लादेश की सीमा से सटे इस क्षेत्र के कुछ हिस्से में बांग्लादेश से आए शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोग निवास करते हैं जो बड़े पैमाने पर चुनाव परिणाम को प्रभावित करते हैं। इस बार केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी की है जिसका असर चुनाव परिणाम पर देखने को मिलेगा। एक तरफ यहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ घुसपैठ को बढ़ावा देने और बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों को संरक्षण देने के आरोप हैं। वहीं दूसरी ओर कट मनी, भ्रष्टाचार और विकास नहीं होना भी ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार के खिलाफ मुद्दा है।

बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल कांग्रेस ने मौजूदा सांसद काकोली घोष दस्तीदार को टिकट दिया है। भाजपा ने उनके खिलाफ स्वप्न मजूमदार को चुनाव मैदान में उतारा है। इन्हीं दोनों के बीच सीधी टक्कर के आसार हैं। फिलहाल इस सीट पर वाममोर्चा या कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार नहीं उतारा गया है। बारासात पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का एक शहर है। यह बारासात सदर उपखंड का मुख्यालय भी है। यह क्षेत्र कोलकाता के नजदीक है और कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (केएमडीए) द्वारा कवर किए गए क्षेत्र का एक हिस्सा है। बंकिम चंद्र चटर्जी 19वीं सदी के दौरान 24 परगना के डिप्टी मजिस्ट्रेट हुआ करते थे। बारासात संसदीय क्षेत्र के तहत सात विधानसभाएं आती हैं। इनमें हावड़ा, अशोक नगर, राजरहाट न्यू टॉउन, बिधाननगर, मध्यमग्राम और देगंगा शामिल हैं। जब 1952 में देश में पहला आम चुनाव हुआ तो बारासात सीट को शांतिपुर लोकसभा सीट के नाम से जाना जाता था। उस समय कांग्रेस प्रत्याशी अरुण चंद्र गुहा चुनाव जीते। वर्ष 1998 के चुनावों में बारासात सीट की तस्वीर बदल गई।

**प्रचार में जुटे**

**8 सीमा से सटे इस क्षेत्र के कुछ हिस्से में बांग्लादेश से आए शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोग निवास करते हैं**

### 'रोड नहीं तो वोट नहीं'' नारे के साथ चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठः सड़क सम्पर्क से वंचित सुदूरवर्ती ग्राम डुमक के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है। बुधवार को ग्रामीणों ने डुमक गांव में रैली निकालकर रोड नहीं तो वोट नहीं का संकल्प लेते हुए राजनैतिक दलों को सड़क निर्माण के बाद ही गांव में प्रवेश करने व वोट मांगकर शर्मिंदा न करने का संदेश भी दिया।
विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या मे ग्रामीणों ने भाग लिया।

## बंगाल के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट ने तलब किया

### राज्य सरकार की अनावश्यक देरी पर रिपोर्ट जमा नहीं करने को लेकर उन्हें तलब किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
कोलकाताः पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के बदले पैसे लेने के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को प्रदेश के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका को तलब किया है। सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा शुरू करने की मंजूरी देने में राज्य सरकार की अनावश्यक देरी पर रिपोर्ट जमा नहीं करने को लेकर उन्हें तलब किया गया है। जब यह मामला न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ में सुनवाई के लिए आया, तो सीबीआई के वकील ने राज्य सरकार द्वारा मंजूरी



देने में देरी की शिकायत की। इसके बाद डिवीजन बेंच ने मुख्य सचिव गोपालिका को निर्देश दिया कि वह बुधवार को अदालती कार्यवाही के दूसरे भाग में उसके सामने उपस्थित रहें।
गत 22 मार्च को उसी डिवीजन बेंच ने बीपी गोपालिका को डेडलाइन बताने का निर्देश दिया था कि कब से राज्य सरकार शिक्षा विभाग से जुड़े गिरफ्तार लोगों के खिलाफ मुकदमा शुरू करेगी। उस दिन डिवीजन बेंच ने यह भी कहा था कि तीन अप्रैल तक कोर्ट को सौंपे जाने वाले जवाब में मुख्य सचिव यह बताएं कि मंजूरी देने में इतना समय क्यों लगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, अदालत ने मुख्य सचिव से मामले में एक रिपोर्ट पेश करने की अपेक्षा की। कोर्ट ने पहले मुख्य सचिव से संभावित समय के बारे में पूछा था कि राज्य सरकार ट्रायल प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी कब तक देगी। हालांकि, उसके बाद भी इस संबंध में कोई रिपोर्ट अदालत में पेश नहीं की गई। उस मामले में मुख्य सचिव को अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के लिए क्यों नहीं कहा जाना चाहिए।

## राज्यपाल देवव्रत ने बरेका में देखा लोको निर्माण की प्रक्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने काशी प्रवास में बुधवार को बनारस रेल इंजन कारखाना का भ्रमण किया । बरेका पहुंचने पर महाप्रबंधक बासुदेव पांडा ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत की अगवानी की और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया । इसके राज्यपाल के साथ उनके परिजनों ने भी बरेका के न्यू लोको फ्रेम शॉप, ट्रक मशीन शॉप, लोको असेम्बली शॉप सहित विभिन्न शॉप का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने रेल इंजन की उत्पादन गतिविधियों,



निर्माण सुविधाओं, बरेका में चल रही परियोजनाओं के साथ ही उत्पादन प्रक्रिया, अन्य तकनीकी विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की । कारखाना में महिला कर्मियों की लोको निर्माण में भागीदारी देख राज्यपाल खुश दिखे। कर्मशाला भ्रमण के दौरान रेल इंजन निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने रेल से जुड़े अपनी अनुभवों को भी साझा किया।

### घर-घर मतदान को कराने के लिए जनपद में 128 टीमों का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हल्द्वानी:** घर-घर मतदान को कराने के लिए जनपद नैनीताल में 128 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 3 कार्मिकों के साथ ही सुरक्षा कर्मी की तैनाती की गई है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय जनरल विपिन रावत सभागार में 384 कार्मिकों के साथ ही जोनल और सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

नोडल अधिकारी मतदान, मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया है कि जिन वृद्ध और दिव्यांगजनों ने फार्म 12 डी भरा है, वे घर बैठे मतदान करेंगे।

## कोर्ट में पेशी के समय शाहजहां ने कहा: मैं साजिश का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पांच जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के आरोपित मास्टरमाइंड व तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शेख शाहजहां ने बुधवार को कहा कि मैं राजनीतिक साजिश का शिकार हूं। ईडी के साल्ट लेक कार्यालय से बाहर निकलने पर शाहजहां ने कहा कि मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। मुझे जानबूझकर फंसाया जा रहा है, मैं राजनीतिक साजिश का शिकार हूं। शाहजहां ने किसी व्यक्ति या



राजनीतिक दल का नाम लिए बिना कहा, "आप समझ सकते हैं कि इस साजिश के पीछे कौन है।" जिला अदालत के आदेश के मुताबिक वह 13 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में रहेगा। इससे पहले, सीबीआई हिरासत में रहते हुए शाहजहां ने कहा था कि उसे भरोसा है कि अल्लाह उसे न्याय दिलाएंगे।

इस बीच, सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान, शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी के कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। सूत्रों ने बताया कि शाहजहां ने अधिकारियों से कहा कि वह इस हमले की निंदा करता है और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए सजा चाहता है।

## अब बुंदेलखंड में कठिया गेहूं के उत्पादक किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**झांसी:** बुंदेलखंड के कठिया गेहूं को जीआई टैग मिल जाने के बाद अब इसके उत्पादन और इसके विपणन को बढ़ावा देने की तैयारी चल रही है। बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों के लिए यह आमदनी बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो सकती है। नाबार्ड की मदद से झांसी के एक एफपीओ के आवेदन पर यह जीआई टैग प्रदान किया गया है। यह पहचान मिलने के बाद कठिया गेहूं के उत्पादन से जुड़े कृषक काफी उत्साहित हैं। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संतोष पांडेय ने बताया कि कठिया गेहूं देशी वैरायटी है। बुंदेलखंड क्षेत्र में कम पानी में उग जाने वाला गेहूं है। इससे दलिया, लड्डू आदि खासतौर पर बनाया जाता है। इसकी उपज बुंदेलखंड के कुछ क्षेत्रों में होती है। जीआई टैग मिलने का मतलब यह है कि इसकी गुणवत्ता बेहतर है। इसे प्रोत्साहित किया जाए तो किसान कम लागत में अधिक पैसे कमा सकते हैं। इसका यदि निर्यात किया जाए और इसके गुणों के बारे में जागरूक किया जाए तो इसकी डिमांड बढ़ेगी। वर्तमान समय में भी इसकी काफी डिमांड है। नाबार्ड के
जिला विकास प्रबंधक भूपेश पाल ने बताया कि किसानों को बेहतर लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, एफपीओ, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम्य विकास विभाग, उद्योग विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों की एक कमेटी का गठन होगा।

**मददगार**

**8 बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों के लिए यह आमदनी बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो सकती है**

**झरोखे से** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री पं. नाराय􀀀दत्त तिवारी की पहचान अपने दौर के दिग्गज कांग्रेस नेता के रूप में होती है

## जब एनडी तिवारी ने गांधी परिवार के प्रति दिखाई अपनी निष्ठा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल:** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री पं. नारायण दत्त तिवारी की पहचान अपने दौर के दिग्गज कांग्रेस नेता के रूप में होती है, हालांकि यह भी सच है कि उनकी राजनीति में शुरूआत लाल टोपी वाली प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से हुई थी और उनके जीवन के अंतिम दिनों में उनके अपने पुत्र रोहित के लिये भाजपा का टिकट चाहने की भी चर्चा थी। अलबत्ता यहां हम उस राजनीतिक अतीत की चर्चा कर रहे हैं, जब तिवारी ने कांग्रेस पार्टी को दो सीटों पर नाकों चने चबवा दिये थे। यही नहीं, नैनीताल सीट पर तो कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत भी जब्त हो गयी थी। यह देश-प्रदेश की



राजनीतिक का कम चर्चा में रहा अध्याय है कि 1963 में कांग्रेस में शामिल होने के बाद कांग्रेस की सरकारों में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बनने के साथ केंद्र में कई बार मंत्री रहे पं. तिवारी ने 1994 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश से आने वाले अर्जुन सिंह के साथ मिलकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (तिवारी) नाम से पार्टी बनाई। इसी पार्टी के ह्यफूल चढ़ाती महिलाह्ण के चुनाव चिन्ह पर उन्होंने 1996 के आम चुनाव में लोकसभा का चुनाव लड़ा। इस चुनाव में तिवारी-कांग्रेस के तीन उम्मीदवार तिवारी स्वयं नैनीताल से, मौजूदा काबीना मंत्री सतपाल महाराज गढ़वाल सीट से और शीशराम ओला राजस्थान से विजयी रहे थे। हालांकि बताया जाता है कि तिवारी ने अपनी पार्टी बनाने का यह निर्णय सोनिया गांधी और गांधी परिवार के प्रति अपनी निष्ठा दिखाने के लिये ही उठाया था। क्योंकि तब गांधी परिवार के इतर सीताराम केसरी कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बने थे। इस तथ्य की पुष्टि इस बात से भी होती है कि चुनाव के बाद सोनिया गांधी के हस्तक्षेप के बाद तिवारी ने अपनी पार्टी का कांग्रेस पार्टी में ही विलय करा दिया था। इस चुनाव में नैनीताल सीट पर तिवारी के विरुद्ध कांग्रेस से हरीश रावत के करीबी प्रयाग दत्त भट्ट को टिकट मिला था। इस चुनाव के दौरान अधिकांश कांग्रेसियों के तिवारी के साथ चले जाने से पार्टी को प्रचार के लिए कार्यकर्ता मिलना भी मुश्किल हो गया था और परिणामस्वरूप एनडी तिवारी ने तीन लाख से अधिक वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की।

**चुनावी सरगर्मी**

**8 राजनीतिक अतीत की चर्चा कर रहे हैं, जब तिवारी ने कांग्रेस पार्टी को दो सीटों पर नाकों चने चबवा दिये थे**